वर्ष 2021 | अंक 03
कुल अंक 03 | मई 2021 | ₹ 40

दृष्टि The Vision

# उत्तर प्रदेश करेंट अफेयर्स

**मुख्य आकर्षण**

सामान्य हिन्दी, General English, बेसिक मैथ्स एवं बेसिक रीज़निंग

परीक्षा की रणनीति  टॉपर से बातचीत




## सुर्खियों में...

- उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव की घोषणा
- आज़ादी का अमृत महोत्सव
- साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2020
- मिताली राज 10 हजार अंतर्राष्ट्रीय रन क्लब में शामिल

## सॉल्व्ड/मॉडल पेपर

- प्रवक्ता, राजकीय डिग्री कॉलेज (स्क्रीनिंग) परीक्षा-2020
- जूनियर हाई स्कूल प्रधानाध्यापक/सहायक अध्यापक चयन परीक्षा-2021
- यूपीपीसीएस (प्रारंभिक) परीक्षा-2021

- उत्तर प्रदेश : एक झलक
- आगामी परीक्षाएँ
- फटाफट न्यूज़
- एग्ज़ाम पॉइंटर
- GK पॉइंटर
- कौन, क्या, कहाँ?

दृष्टि The Vision

# UPPCS क्विक रिवीज़न कोर्स
## प्रिलिम्स 2021

मोड : ऑनलाइन | कक्षाएँ : लगभग 100

### प्रारंभ

**कोर्स की विशेषताएँ**

- सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों की टीम द्वारा अध्यापन
- 150+ घंटों की कक्षाएँ
- प्रत्येक वीडियो को 3 बार तक देखने की सुविधा
- करेंट अफेयर्स का वार्षिक संकलन निशुल्क (पीडीएफ)

अधिक जानकारी के लिये 8750187501 नंबर पर संपर्क करें

ऑनलाइन क्लास के लिये इंस्टॉल करें
**Drishti Learning App**

### IAS Foundation Course
# सामान्य अध्ययन
## (प्रिलिम्स + मेन्स)

मोड : पेन ड्राइव

**डॉ. विकास दिव्यकीर्ति के मार्गदर्शन में**

### एडमिशन प्रारंभ

**कोर्स की विशेषताएँ**

- डॉ. विकास दिव्यकीर्ति तथा देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों की टीम द्वारा अध्यापन।
- डॉ. विकास दिव्यकीर्ति द्वारा एथिक्स (संपूर्ण), राजव्यवस्था (व्यापक अंश) और समाज (सैद्धांतिक पक्ष) का अध्यापन।
- कुल 1200+ घंटों की 500+ कक्षाएँ।
- प्रत्येक कक्षा को 3 बार तक देखने की सुविधा। कोर्स की वैधता बैच शुरू होने से 3 वर्षों तक।
- संशय निवारण के लिये एकेडमिक सपोर्ट टीम की सुविधा उपलब्ध। नियमित रूप से डाउट क्लासेज़ तथा ऑनलाइन मीटिंग्स की भी व्यवस्था।

अतिरिक्त जानकारी के लिये 9311406442 नंबर पर कॉल या वाट्सएप करें

इंस्टॉलमेंट्स पर भी उपलब्ध ! लॉग-इन कीजिये : www.drishtiIAS.com

ऑनलाइन क्लास के लिये अपने एंड्रॉयड फोन पर इंस्टॉल करें
**Drishti Learning App**

# विवरणिका




**संपादक की कलम से...** — 5
*क्योंकि बाहर और भीतर की सफाई होते रहना ज़रूरी है...*

**टॉपर से बातचीत** — 7
*प्रकाश चंद्र अग्रवाल*

**आगामी परीक्षाएँ** — 9

**परीक्षा की रणनीति** — 11
*UPPCS साक्षात्कार*

**फटाफट न्यूज़** — 13

**करेंट अफेयर्स** — 15
- *उत्तर प्रदेश घटनाक्रम (15)*
- *राष्ट्रीय घटनाक्रम (17)*
- *अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम (19)*
- *संवैधानिक/प्रशासनिक घटनाक्रम (19)*
- *भारत एवं विश्व (20)*
- *आर्थिक घटनाक्रम (20)*
- *विज्ञान-प्रौद्योगिकी एवं रक्षा/प्रतिरक्षा (22)*
- *पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी (23)*
- *संक्षिप्तियाँ (24)*
- *करेंट अफेयर्स टेस्ट (32)*

**उत्तर प्रदेश : एक झलक** — 35
*(सामान्य परिचय)*

**एग्ज़ाम पॉइंटर** — 55
*(सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये विषयवार महत्त्वपूर्ण तथ्यों का संकलन)*

**सामान्य हिन्दी** — 61
*समास एवं उनके भेद*

**General English** — 63
*Subject-verb Agreement (Part-1)*

**बेसिक मैथ्स** — 65
*सरलीकरण*

**बेसिक रीज़निंग** — 68
*वर्गीकरण एवं सादृश्यता*

**मॉडल पेपर** — 71
- *प्रवक्ता, राजकीय डिग्री कॉलेज (स्क्रीनिंग) परीक्षा-2020 (71)*
- *जूनियर हाई स्कूल प्रधानाध्यापक/सहायक अध्यापक चयन परीक्षा-2021 (81)*
- *UPPCS प्रारंभिक परीक्षा-2021 (92)*

**GK पॉइंटर** — 103
*वह कोना जहाँ से एकदिवसीय परीक्षाओं में अक्सर प्रश्न पूछे जाते हैं...*

**कौन/क्या/कहाँ ?** — 104

दृष्टि The Vision

# IAS प्रिलिम्स 2021

## करेंट अफेयर्स क्रैश कोर्स

**मोड : ऑनलाइन**

**(दृष्टि लर्निंग ऐप के माध्यम से)**

**आरंभ**

# 15 अप्रैल

**कक्षाएँ : 30-35 (लगभग 100 घंटे)**

**कोर्स की प्रमुख विशेषताएँ**

- ये कक्षाएँ हमारे करेंट अफेयर्स के प्रसिद्ध अध्यापक श्री निशांत श्रीवास्तव द्वारा ली गई हैं।
- ये कक्षाएँ लाइव स्ट्रीमिंग होंगी। इसके पश्चात् आपके एकाउंट में सुरक्षित भी रहेंगी।
- प्रत्येक वीडियो को एक वर्ष तक असीमित बार देखने की सुविधा।
- इस क्रैश कोर्स से प्रिलिम्स के करेंट अफेयर्स में पूछे जाने वाले 90% प्रश्न आसानी से कवर हो जाएंगे।
- करेंट अफेयर्स से जुड़े जी.एस. के सभी खंडों पर विस्तृत चर्चा।
- वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को हल करने की तकनीक पर बल।

**इंस्टॉल करें**
**Drishti Learning App**

अधिक जानकारी के लिये 9311406442, 8750187501
नंबर पर संपर्क करें

Download Now
Drishti Learning App

# संपादक की कलम से...



## क्योंकि बाहर और भीतर की सफाई होते रहना ज़रूरी है...

प्रिय साथियो,

आपने देखा होगा कि कई लोगों को दुनिया भर की चीज़ें सँभालकर रखने का शौक होता है। जिन चीज़ों को बाकी लोग दो कौड़ी के बराबर भी महत्त्व नहीं देते, वे उन्हें भी अनंत काल तक सँभालकर रखने की ज़िद पाले रहते हैं। गैर-ज़रूरी चीज़ों से चिपके रहने की इस आदत के कई नुकसान हैं। पहला यह है कि पुरानी और बेकार चीज़ों से घिरे रहने के कारण हम नई चीज़ों को अपने निजी संसार में शुमार नहीं कर पाते और तिथिबाह्य (outdated) होने लगते हैं। दूसरा नुकसान यह है कि हम हर चीज़ को अपने कब्ज़े में रखने की लत के कारण आत्मकेंद्रित होते जाते हैं। हमें इस सुख का अहसास ही नहीं हो पाता कि किसी ज़रूरतमंद को कुछ देने का सुख किसी से कुछ छीनने या आत्मकेंद्रित होने के सुख से कितना बेहतर और संतुष्टिदायक होता है! तीसरा नुकसान यह है कि ऐसा व्यक्ति हमेशा भविष्य की चिंताओं में खोया रहता है। वह वर्तमान के सहज-सुखों को लगातार स्थगित करता रहता है ताकि भविष्य में कोई समस्या न आए। इस दुश्चक्र में फँसकर वह न तो अपना वर्तमान सुधार पाता है और न ही भविष्य।

पर मसला सिर्फ बाहर की सफाई का नहीं है। उससे ज़्यादा महत्त्व भीतर की सफाई का है। बाहर की सफाई को एकाध बार नज़रअंदाज़ कर भी दिया जाए तो शायद बहुत फर्क नहीं पड़ेगा; पर भीतर की सफाई का निरंतर होते रहना बेहद ज़रूरी है। यह सफाई न हो पाए तो दिमाग को ज़ंग लग जाता है, व्यक्तित्व भीतर से सड़ जाता है। भीतर की सफाई का बुनियादी मतलब यह है कि हम उन पूर्वाग्रहों को हटाते रहें जो हमारी चेतना को घेर लेते हैं और हमें चीज़ों को साफ-साफ देखने नहीं देते। गौरतलब है कि ये पूर्वाग्रह एक दिन में नहीं बल्कि धीरे-धीरे इकट्ठे होते हैं। इनमें से अधिकांश तो हमें परिवार से ही मिलते हैं। धर्म, जाति, नस्ल, भाषा इत्यादि के आधार पर होने वाले भेदभाव के पीछे अक्सर ऐसे पूर्वाग्रह कार्य करते हैं। पूर्वाग्रहों का दूसरा प्रकार विचारधाराओं से बनता है। किसी विचारधारा का अनुकरण करना अपने आपमें गलत नहीं है। विचारधारा तो हमें दुनिया को समझने का एक नज़रिया देती है जिसकी मदद से हमें सामान्यत: नज़रों से ओझल रह जाने वाली चीज़ें भी दिखने लगती हैं। किंतु अगर सावधानी न बरती जाए तो विचारधारा पूर्वाग्रह में तब्दील हो जाती है और हम उन विषयों को भी ज़बरदस्ती विचारधारा के चश्मे से देखने की ज़िद पाल लेते हैं जिनका संबंध उससे होता ही नहीं। इस बिंदु पर विचारधारा एक मानसिक बेड़ी बन जाती है जिसे कबाड़ समझकर हटा देना ही अच्छा है। जिस दिन हमें अपनी विचारधारा हर बिंदु पर सही दिखने लगे और बाकी सभी विचारधाराएँ हर बिंदु पर गलत नज़र आने लगें तो समझ लेना चाहिये कि हम विचारधारा की बेड़ी में बँध चुके हैं। ऐसे ही पूर्वाग्रहों के कारण सारे संसार में तनाव का माहौल व्याप्त है। हिटलर को लगता था कि आर्य नस्ल ही ज़िंदा रहने की अधिकारी है। स्टालिन और पोल पोट ने चुन-चुनकर उन सभी को मारा जो मार्क्सवादी विचारधारा और उनके शासन में आस्था नहीं रखते थे। इन झगड़ों का असली समाधान यही है कि लोगों के दिमाग में भरा कचरा साफ किया जाए। इस कचरे को ही मनोविज्ञान की भाषा में 'पूर्वाग्रह' (Prejudices) तथा 'रूढ़ धारणाएँ' (Stereotypes) कहते हैं जो दरअसल हमारी बिगड़ी हुई 'अभिवृत्तियाँ' (Attitudes) ही हैं।

सवाल है कि दिमाग के भीतर भरे इस कचरे की सफाई कैसे की जाए? इसका एक बड़ा अच्छा तरीका पश्चिम के दो विचारकों रेने डेकार्ट (17वीं सदी) और एडमंड हुस्सर्ल (20वीं सदी) ने बताया है। डेकार्ट ने 'संदेह-विधि' की चर्चा की जिसका सार है कि व्यक्ति को अपने प्रत्येक विश्वास पर तब तक संदेह करना चाहिये जब तक कि विश्वसनीय प्रमाण हासिल न हो जाएँ। जिन बातों के पक्ष में ठोस तर्क या तथ्य न हों, उन्हें खारिज करते रहना विवेकशील मनुष्यों के लिये ज़रूरी है। एडमंड हुस्सर्ल ने इसी प्रक्रिया को 'कोष्ठकीकरण' या 'ब्रैकेटिंग' कहा जिसका अर्थ है कि निष्कर्ष निकालने की प्रक्रिया में हमें अपनी सभी पूर्वमान्यताओं व पूर्वाग्रहों से तटस्थ हो जाना चाहिये। यह प्रक्रिया कुछ-कुछ वैसी ही है जिसे वेदांती दार्शनिक शंकराचार्य ने 'साक्षी-भाव' से खुद को देखना कहा है। यह 'साक्षी-भाव' आत्मविश्लेषण व आत्ममूल्यांकन की स्थिति है जिसमें व्यक्ति आत्मश्लाघा या आत्मप्रशंसा में न डूबकर अपनी अच्छाइयों और कमियों का तटस्थ विश्लेषण करता है, अपनी कमियों पर स्वयं ही खुद को टोकता और धिक्कारता है।

भीतर की सफाई करने की या खुद को तराशने की यह प्रक्रिया हर समझदार व्यक्ति के भीतर निरंतर चलती रहनी चाहिये। अपने उन विश्वासों को भी तर्क की कसौटी पर परखते रहना चाहिये जिन्हें हम बचपन से आदतन मानते आ रहे हैं। इस प्रक्रिया में बेचैनी और छटपटाहट तो होती है किंतु इससे व्यक्तित्व निखर जाता है और ऐसा व्यक्तित्व उभरता है जो अपनी परिपक्वता, बौद्धिक स्पष्टता और ईमानदारी के लिये जाना जाए। निर्मम ईमानदारी के ऐसे ही क्षणों में व्यक्ति अपनी कमियाँ इतनी साफ निगाह से देख पाता है और कबीरदास की तरह कह उठता है- "बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलया कोय। जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय।।"

*शुभकामनाओं सहित,*

*(डॉ. विकास दिव्यकीर्ति)*

दृष्टि The Vision

# IAS प्रिलिम्स टेस्ट सीरीज़-2021

## एडमिशन प्रारंभ

### कुल 30 टेस्ट्स

**संरचना**

30 टेस्ट्स

**25 GS**

- 18 सेक्शनल टेस्ट्स
- 2 रिवीज़न टेस्ट्स
- 5 संपूर्ण पाठ्यक्रम टेस्ट्स

**5 CSAT**

- संपूर्ण पाठ्यक्रम टेस्ट्स

**शुल्क : ₹8000**

### कुल 20 टेस्ट्स

**संरचना**

20 टेस्ट्स

**15 GS**

- 8 सेक्शनल टेस्ट्स
- 2 रिवीज़न टेस्ट्स
- 5 संपूर्ण पाठ्यक्रम टेस्ट्स

**5 CSAT**

- संपूर्ण पाठ्यक्रम टेस्ट्स

**शुल्क : ₹5000**

हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों माध्यमों में

ऑनलाइन/ प्रयागराज व जयपुर में ऑफलाइन भी

## UPPCS

ऑनलाइन प्रिलिम्स टेस्ट सीरीज़-2021

प्रारंभ

हिंदी और अंग्रेज़ी माध्यम में | शुल्क - ₹4000/-

कुल 16 टेस्ट्स

- 6 जी.एस. (सेक्शनल टेस्ट)
- 5 जी.एस. (संपूर्ण पाठ्यक्रम टेस्ट)
- 2 सीसैट (संपूर्ण पाठ्यक्रम टेस्ट)
- 3 करंट अफेयर्स रिवीज़न टेस्ट

पहला टेस्ट सभी विद्यार्थियों के लिये निःशुल्क

8750187501

Install Now

Drishti Learning App

विस्तृत जानकारी के लिये कॉल करें 8448485516, 87501-87501, 011-47532596



# टॉपर से बातचीत

## प्रकाश चंद्र अग्रवाल

**UPPCS-2016 परीक्षा में Dy. SP पद पर चयनित**

### टॉपर का परिचय

**नाम:** प्रकाश चंद्र अग्रवाल

**पिता का नाम:** श्री सुरेश चंद्र अग्रवाल

**माता का नाम:** श्रीमती सत्यभामा अग्रवाल

**जन्मतिथि:** 17 सितंबर, 1988

**शैक्षिक योग्यताएँ:** बी.ए. इलाहाबाद विश्वविद्यालय, एम.ए. (इतिहास), नेट, जे.आर.एफ. (इतिहास)

***पूर्व चयन***

वाणिज्य कर अधिकारी (UPPCS 2015)

**आदर्श व्यक्तित्व:** महात्मा गांधी

**व्यक्तित्व के सकारात्मक पक्ष:** निश्चयात्मक दृढ़ता

**व्यक्तित्व के नकारात्मक पक्ष:** लोगों पर शीघ्र विश्वास कर लेना

**रुचियाँ:** मूवी देखना, क्रिकेट मैच देखना व खेलना।

***परिणाम से संबंधित कुछ जानकारियाँ***

**परीक्षा का नाम:** UPPCS – 2016

**अनुक्रमांक:** 277422

**रैंक:** सामान्य वर्ग में 30, Dy. SP में 4th

**परीक्षा का माध्यम:** हिन्दी

**प्रयास संख्या:** 5

**दृष्टि उत्तर प्रदेश करेंट अफेयर्स: UPPCS परीक्षा में उच्च रैंक पर चयनित होने पर आपको 'दृष्टि उत्तर प्रदेश करेंट अफेयर्स' की ओर से हार्दिक बधाई। चयनित होकर आपको कैसा लग रहा है?**

**प्रकाश चंद्र अग्रवाल:** जी धन्यवाद! मेहनत का सकारात्मक परिणाम सुखद अनुभूति देता है।

**दृ.उ.प्र.क.अ.: क्या इस परीक्षा में सफल होना ही आपके जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य था?**

**प्रकाश:** परीक्षा में सफल होना एक लक्ष्य तो था, किंतु यह अंतिम लक्ष्य नहीं है। मुख्य प्रशासन में हिस्सेदार बनकर समाज के गरीब व पिछड़े तबके के लोगों की प्रशासनिक पहुँच सुनिश्चित करना मेरा वर्तमान लक्ष्य है।

**दृ.उ.प्र.क.अ.: UPPCS में ऐसा क्या है कि लाखों युवा इनकी ओर आकर्षित होते हैं?**

**प्रकाश:** UPPCS हमें एक ऐसा मंच प्रदान करता है जहाँ आप जनसामान्य और समाज में एक बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। साथ ही, इन सेवाओं के कार्यक्षेत्र का विस्तार और वैविध्य भी मेरे आकर्षण का कारण रहा है।

**दृ.उ.प्र.क.अ.: क्या आप अपनी तैयारी से संतुष्ट थे एवं सफलता के प्रति आशावान थे?**

**प्रकाश:** अगर अच्छा मार्गदर्शन न मिले तो इस परीक्षा की तैयारी में 2-3 वर्ष कब खत्म हो जाते हैं, यह पता भी नहीं चलता। किंतु यदि बेहतर मार्गदर्शन व लगन से अध्ययन किया जाए तो सफलता सुनिश्चित है।

**दृ.उ.प्र.क.अ.: यूँ तो कोई भी सफलता कई कारकों पर निर्भर होती है, पर हर सफल व्यक्ति के पास कुछ विशेष सूत्र होते हैं। आपकी सफलता के मूल में कौन-से सूत्र रहे?**

**प्रकाश:** इस परीक्षा की तैयारी में अगर कोई विद्यार्थी निश्चयात्मक दृढ़ता, सटीक कार्य-योजना, समर्पण और धैर्य के साथ आगे बढ़ता है तो निश्चित ही सफलता मिलेगी।

**दृ.उ.प्र.क.अ.: अपनी योग्यता और परिश्रम के अलावा आप अपनी सफलता का श्रेय किन्हें देना चाहेंगे?**

**प्रकाश:** इस सफलता का श्रेय मैं माता-पिता, चाचा श्री बृजभूषण अग्रवाल, छोटे भाई सुमित, समस्त परिवार, सभी मित्रों, दृष्टि संस्थान व ध्येय संस्थान को देता हूँ। नेहा, आपको भी, क्योंकि आपकी प्रेरणा ने तैयारी के कठिन सफर में मुझे सदैव संबल प्रदान किया है।

**दृ.उ.प्र.क.अ.: आपके वैकल्पिक विषय क्या थे? क्या आपने इनकी पढ़ाई स्नातक या आगे के स्तर पर की थी? यदि नहीं, तो इनके चयन का आधार क्या था?**

**प्रकाश:** मेरे वैकल्पिक विषय इतिहास और हिन्दी साहित्य थे। इन दोनों ही विषयों को मैंने अपने स्नातक के दौरान पढ़ा था।

**दृ.उ.प्र.क.अ.: कई लोग कहते हैं कि कुछ वैकल्पिक विषय दूसरे विषयों की तुलना में छोटे, आसान व अधिक अंकदायी होते हैं और इसीलिये वे ज़्यादा लोकप्रिय होते हैं। आपकी राय में क्या यह बात ठीक है? क्या आपने वैकल्पिक विषयों के चयन में उनकी लोकप्रियता को भी आधार बनाया था?**

**प्रकाश:** मेरी राय में वैकल्पिक विषय/विषयों का चयन किसी अन्य विषय से तुलना करके नहीं करना चाहिये बल्कि वैकल्पिक विषय के प्रति स्वयं की रुचि व समझ को आधार बनाया जाना चाहिये।

**दृ.उ.प्र.क.अ.: आपने निबंध की तैयारी कैसे की? परीक्षा भवन में विषय के चयन व समय-प्रबंधन को लेकर आपने क्या रणनीति अपनाई?**

# आगामी परीक्षाएँ


| परीक्षा का नाम | आयोग/बोर्ड | कुल पद | चयन प्रक्रिया (प्रारूप/प्रणाली) | आगामी परीक्षा प्रारूप | परीक्षा/परीक्षण तिथि (घोषित/संभावित) |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रवक्ता, राजकीय डिग्री कॉलेज (स्क्रीनिंग) परीक्षा-2020** | **UPPSC** | **128** | **लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार** | **लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ)** | **17/04/2021** |
| **जूनियर हाई स्कूल प्रधानाध्यापक/ सहायक अध्यापक चयन परीक्षा-2021** | **UPDELED** | **1894** | **लिखित परीक्षा** | **लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ)** | **18/04/2021** |
| असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा-2021 | UPHESC | 2002 | लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार | लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ) | 26 मई, 2021 से प्रारंभ |
| सम्मिलित राज्य कृषि सेवा परीक्षा-2020 | UPPSC | 564 | प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा व साक्षात्कार | प्रारंभिक (वस्तुनिष्ठ) | 30/05/2021 |
| **सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी परीक्षा-2021** | **UPPSC** | **400+** | **प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा व साक्षात्कार** | **प्रारंभिक (वस्तुनिष्ठ)** | **13/06/2021** |
| प्रवक्ता (पुरुष/महिला) राजकीय इंटर कॉलेज परीक्षा-2020 | UPPSC | 1473 | प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा | लिखित (वस्तुनिष्ठ) | 20/06/2021 |
| समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा-2021 | UPPSC | 337 | प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा | प्रारंभिक (वस्तुनिष्ठ) | 1/08/2021 |
| उत्तर प्रदेश विधानसभा (सचिवालय) परीक्षा-2020 | UPLASL | 87 | प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा (वस्तुनिष्ठ) | मुख्य (वस्तुनिष्ठ) | अभी निर्धारित नहीं |
| सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा-2020 | UPPSC | 487 | प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा व साक्षात्कार | साक्षात्कार | 01 अप्रैल, 2021 से प्रारंभ |
| उ.प्र. उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस (दरोगा) तथा प्लाटून कमांडर, पीएसी एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी परीक्षा-2020-21 | UPPRPB | 9534 | ऑनलाइन लिखित परीक्षा, शारीरिक मानक परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षण व चिकित्सीय परीक्षा | लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ) | अभी निर्धारित नहीं |
| प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (TGT) | UPSESSB | 12603 | लिखित परीक्षा एवं सेवा आधारित अधिभार अंक | लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ) | अभी निर्धारित नहीं |
| प्रवक्ता (PGT) | UPSESSB | 2595 | लिखित परीक्षा, साक्षात्कार एवं विशेष योग्यता पर अधिभार | लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ) | अभी निर्धारित नहीं |
| वन रक्षक एवं वन्यजीव रक्षक (सामान्य चयन) प्रतियोगिता परीक्षा-2019 | UPSSSC | 655 | लिखित परीक्षा, शारीरिक मानक परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षण व चिकित्सीय परीक्षा | लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ) | अभी निर्धारित नहीं |
| उ.प्र. पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) परीक्षा-2020 | UPPRPB | 1329 | ऑनलाइन लिखित परीक्षा, टाइपिंग टेस्ट, शारीरिक मानक परीक्षा, चिकित्सा परीक्षा | लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ) | अभी निर्धारित नहीं |
| सहायक बोरिंग टेक्नीशियन (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2019 | UPSSSC | 486 | लिखित परीक्षा | लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ) | अभी निर्धारित नहीं |
| सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2019 | UPSSSC | 904 | लिखित परीक्षा | लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ) | अभी निर्धारित नहीं |

**UPPSC-** Uttar Pradesh Public Service Commission, **UPLASL-** Uttar Pradesh Legislative Assembly Sachivalaya Lucknow, **UPSSSC-** Uttar Pradesh Subordinate Services Selection Commission, **UPDELED-** Uttar Pradesh Diploma in Elementary Education, **UPHESC-** Uttar Pradesh Higher Education Services Commission, **UPPRPB-** UP Police Recruitment & Promotion Board, **UPSESSB-** UP Secondary Education Service Selection Board.


**नोट: परीक्षा तिथि एवं पदों की संख्या में आयोग द्वारा परिवर्तन किया जा सकता है।**

❑❑❑

## प्रिलिम्स प्रैक्टिस सीरीज़ की पुस्तकें




## Quick Book सीरीज़ की पुस्तकें







**आपके नज़दीकी बुक स्टॉल,**
**दृष्टि लर्निंग ऐप एवं drishtiias.com पर उपलब्ध**

**विस्तृत जानकारी के लिये कॉल करें 8448485516, 87501-87501, 011-47532596**

# परीक्षा की रणनीति

## UPPCS साक्षात्कार



साक्षात्कार किसी भी परीक्षा का अंतिम एवं महत्त्वपूर्ण चरण होता है। इसमें न तो प्रारंभिक परीक्षा की तरह सही उत्तर के लिये विकल्प दिये जाते हैं और न ही मुख्य परीक्षा के प्रश्नपत्रों की तरह प्रश्नों को हल करने की सुविधा होती है। साक्षात्कार में किसी भी प्रश्न के लिये दिये गए उत्तर पर प्रति-प्रश्न पूछे जाने की संभावना भी बनी रहती है। आपके द्वारा दिये गए किसी भी गलत या हल्के उत्तर का निगेटिव मार्किंग जैसा ही प्रभाव पड़ने की संभावना भी बनी रहती है। किसी भी उम्मीदवार के लिये साक्षात्कार के चरण की सबसे मुश्किल बात यह होती है कि प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा के विपरीत इसके लिये कोई निश्चित पाठ्यक्रम निर्धारित नहीं है। यही वजह है कि साक्षात्कार के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्नों का दायरा बहुत व्यापक होता है। अत: उम्मीदवारों को यह सवाल बार-बार परेशान करता है कि इतनी कठिन परीक्षा की तैयारी कैसे की जाए, क्या पढ़ा जाए और क्या नहीं? सिर्फ पढ़ा जाए या किताबों से बाहर भी झाँका जाए? आत्मविश्वास कैसे बढ़ाया जाए? ऐसा व्यक्तित्व कैसे गढ़ा जाए कि सिर्फ आधे-एक घंटे के भीतर हम इंटरव्यू पैनल के सदस्यों को प्रभावित कर पाने में सफल हो जाएँ?

इसके लिये सर्वप्रथम यह जानना आवश्यक है कि इंटरव्यू बोर्ड के सदस्य आखिर किस आधार पर उम्मीदवारों का मूल्यांकन करते हैं? क्या यह शरीर की बनावट और ड्रेसिंग सेंस से तय होता है? क्या सदस्य उम्मीदवार की भाषा-शैली और हाव-भाव से उसका मूल्यांकन करते हैं? क्या अंकों का सीधा संबंध उम्मीदवार के उत्तरों की गुणवत्ता से होता है? क्या जीवन और विभिन्न मुद्दों के प्रति उम्मीदवार का नज़रिया इसमें केंद्रीय भूमिका निभाता है? इन सभी प्रश्नों के उचित जवाब देने एवं साक्षात्कार की सटीक तैयारी करने हेतु इस अंक के अंतर्गत UPPCS के 'साक्षात्कार की रणनीति' पर चर्चा की जा रही है। पिछले अंक में हमने 'मुख्य परीक्षा' की रणनीति पर चर्चा की थी।

### UPPCS परीक्षा की प्रकृति

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा तीन चरणों में संपन्न होती है। प्रतियोगी की गंभीरता, परिपक्वता एवं योग्यता को परखने के लिये तीनों ही चरणों की प्रकृति अलग-अलग होती है।

- **प्रथम चरण :** प्रारंभिक परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकृति)
- **द्वितीय चरण :** मुख्य परीक्षा (लिखित/वर्णनात्मक प्रकृति)
- **तृतीय चरण :** साक्षात्कार (मौखिक प्रकृति)

- यूपीपीसीएस राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा में साक्षात्कार 100 अंकों का होता है। यह उम्मीदवार द्वारा चयन किये गए विकल्पों के आधार पर हिन्दी या अंग्रेज़ी में आयोजित किया जाता है। मुख्य परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद इसमें सफल हुए अभ्यर्थियों को लगभग एक महीने के आस-पास साक्षात्कार के लिये बुलाया जाता है तथा इनकी संख्या सामान्यत: कुल सीटों का लगभग 2 गुना होती है। साक्षात्कार की प्रक्रिया अभ्यर्थियों की संख्या के अनुसार एक-से-अधिक दिनों तक चलती है।
- साक्षात्कार में मौखिक रूप से प्रश्नोत्तर शैली में एक बोर्ड द्वारा सामान्यत: उम्मीदवार की शैक्षणिक पृष्ठभूमि, स्नातक के विषय से संबंधित प्रश्न, समसामयिक विषयों, रुचियों से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे जाते हैं, जिनका उत्तर भी उम्मीदवार को मौखिक रूप में ही देना होता है। हालाँकि, कई बार ऐसा भी हुआ है कि इंटरव्यू बोर्ड के सदस्यों द्वारा उम्मीदवार से कुछ लिखने की भी अपेक्षा की गई। इसके अलावा उम्मीदवार की सतर्कता, वाक् शैली और सामान्य मामलों में उसके दृष्टिकोण के परीक्षण के साथ-साथ उसके व्यवहार पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है।
- सामान्य रूप से देखें तो UPPCS मुख्य परीक्षा के 1500 अंकों की तुलना में साक्षात्कार के लिये निर्धारित 100 अंक कम अवश्य हैं, लेकिन अंतिम चयन एवं रैंक/पद निर्धारण में इन अंकों की विशेष भूमिका रहती है।
- इस चरण में शामिल हुए सभी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार समाप्त होने के लगभग एक सप्ताह बाद मुख्य परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के आधार पर, चयनित उम्मीदवारों की अंतिम रूप से मेधा सूची (Merit List) जारी की जाती है।

### साक्षात्कार की तैयारी क्यों आवश्यक है?

- सामान्यत: साक्षात्कार के लिये निर्धारित पैनल/बोर्ड में एक अध्यक्ष और 3-4 सदस्य होते हैं (पुरुष एवं महिला दोनों हो सकते हैं)। यह कह सकते हैं कि साक्षात्कार बोर्ड में उम्मीदवारों के ज्ञान, अभिव्यक्ति एवं भाषा-शैली, हाव-भाव, ड्रेसिंग सेंस, उत्तरों की गुणवत्ता एवं जीवन और विभिन्न मुद्दों के प्रति उनके निष्पक्ष नज़रिये का संयुक्त रूप से प्रभाव पड़ता है, जो कि परीक्षा में उनके अंतिम चयन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हालाँकि, यह दावा करना कठिन है कि इन सभी तत्त्वों का अनुपात क्या होगा? प्राय: हर उम्मीदवार के मामले में इनका अनुपात अलग-अलग हो सकता है। संभव है कि कोई उम्मीदवार तथ्यों में कमज़ोर हो, दिखने में कम आकर्षक हो पर अपने सुलझे हुए दृष्टिकोण की बदौलत बोर्ड पर ठीक-ठाक प्रभाव कायम करने में सफल हो जाए। इसी तरह, यह भी संभव है कि कोई उम्मीदवार अपने आकर्षक चेहरे, प्रभावी ड्रेसिंग कौशल तथा जादुई अभिव्यक्ति, सामर्थ्य के सहारे अपनी ज्ञान संबंधी कमियों को एक हद तक ढकने में कामयाब हो जाए।
- मुख्य परीक्षा देने के बाद परीक्षार्थियों को यह उम्मीद बनी रहती है कि उन्हें साक्षात्कार देने का अवसर अवश्य प्राप्त होगा। उनमें से कुछ मुख्य परीक्षा के तुरंत बाद ही साक्षात्कार की तैयारी शुरू कर देते हैं, जबकि कुछ मुख्य परीक्षा के परिणाम का इंतज़ार करते हैं और परीक्षा में सफल होने पर ही इंटरव्यू के बारे में सोचना शुरू करते हैं। वैसे तो व्यक्तित्व निर्माण के लिये कोई समय निर्धारित नहीं किया जा सकता, फिर भी यदि परीक्षा को ध्यान में रखते हुए इसकी मांग के अनुसार शुरू से ही इसका अभ्यास (छद्म साक्षात्कार) किया जाए तो साक्षात्कार के दिन स्वयं को सहज रखनें में आसानी रहती है। सामान्यत: यह देखा जाता है कि अंतिम परिणाम में सिर्फ 1 अंक के अंतर से भी कई बार 10 या उससे अधिक रैंक का फर्क पड़ जाता है। इसलिये परीक्षा के इस चरण में भी यदि अभ्यर्थी व्यवस्थित तैयारी करता है तो अपने स्तर पर सामान्यत: मिलने वाले अंकों की तुलना में कुछ अंकों का इजाफा अवश्य कर लेता है।

# फटाफट न्यूज़

- उत्तर प्रदेश का वह ज़िला, जहाँ दक्षिण कोरिया की महारानी **'हो'** (Ho) के स्मारक का निर्माण किया जा रहा है- **अयोध्या**
- उत्तर प्रदेश का वह ज़िला, जहाँ रेजिडेंशियल हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किये जाने की घोषणा की गई है- **लखनऊ**
- हाल ही में इलाहाबाद हाईकोर्ट का महानिबंधक (Registrar General) किसे नियुक्त किया गया है- **आशीष गर्ग**
- वह राज्य, जिसने हाल ही में 'टी.बी. हारेगा देश जीतेगा' अभियान की शुरुआत की है- **उत्तर प्रदेश**
- हाल ही में उत्तर प्रदेश के किन ज़िलों में नए निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना को मंज़ूरी दी गई है- **लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज, मिर्ज़ापुर, फिरोजाबाद एवं मथुरा**
- हाल ही में विश्व की सबसे छोटी गज़ल लिखकर विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले डॉ. अशोक पांडे उ.प्र. के किस ज़िले से हैं- **बहराइच**
- उ.प्र. के वे ज़िले, जिन्हें हाल ही में हुए केन बेतवा लिंक परियोजना समझौते के तहत सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी- **बाँदा, महोबा, झाँसी एवं ललितपुर**
- हाल ही में उ.प्र. सरकार द्वारा लॉन्च किया गया किसान उत्पादक संगठनों के लिये ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है- **UPFPO शक्ति पोर्टल**
- हाल ही में चर्चित रहा प्राणि उद्यान 'अशफाक उल्ला खान' उत्तर प्रदेश के किस ज़िले में स्थित है- **गोरखपुर**
- हाल ही में उ.प्र. राज्य सरकार ने किन तीन महिला योद्धाओं के नाम पर PAC महिला बटालियन स्थापित करने की घोषणा की है- **रानी अवंतीबाई लोधी, ऊदा देवी एवं झलकारीबाई**
- 11वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर वीमेन नेशनल चैंपियनशिप, 2021 में उ.प्र. की टीम ने स्थान प्राप्त किया- **तीसरा (प्रथम- हरियाणा, द्वितीय- झारखंड)**
- उत्तर प्रदेश के वे शहर, जहाँ हाल में कमिश्नरी प्रणाली लागू करने की मंज़ूरी प्रदान की गई- **वाराणसी और कानपुर**
- 24 मार्च, 2021 को 'ग्राम उजाला योजना' की शुरुआत उत्तर प्रदेश के किस ज़िले में की गई- **वाराणसी**
- हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न रोगों (जापानी इंसेफेलाइटिस, निमोनिया, दस्त इत्यादि) से बचाव हेतु चलाया गया अभियान है- **दस्तक**
- वह ज़िला, जहाँ के आदिवासियों को हाल ही में नि:शुल्क उच्च शिक्षा देने की घोषणा की गई- **सोनभद्र (उत्तर प्रदेश)**
- वह रेलवे स्टेशन, जिसका नाम बदलकर वीरांगना लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन करने की योजना है- **झाँसी रेलवे स्टेशन (उ.प्र.)**
- पौधारोपण हेतु चर्चित एवं 'प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार' से सम्मानित उत्तर प्रदेश की वह शख्सियत, जिनका 'माई स्टांप योजना' के तहत प्रधानमंत्री के साथ फोटोयुक्त डाक टिकट जारी किया गया- **ईहा दीक्षित (मेरठ)**
- देश का प्रथम वर्चुअल एग्ज़ीबिशन मॉल खोलने की योजना है- **उत्तर प्रदेश में**
- 12 मार्च, 2021 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज़ादी के अमृत महोत्सव का उद्घाटन किया- **लखनऊ में**
- हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बंडई बांध का उद्घाटन किया गया- **ललितपुर (उत्तर प्रदेश)**
- हाल ही में देश के प्रथम महिला ड्राइविंग सेंटर का उद्घाटन किया गया- **कानपुर में**
- हाल ही में हुए एक सर्वे के अनुसार, यमुना की तलहटी में पनपने वाले किस कीड़े के कारण ताज़महल के रंग को क्षति पहुँचने की बात सामने आई है- **गोल्डी काइरोनोमस**
- हाल ही में चर्चित गोरखनाथ की तपोस्थली गोरखगिरि स्थित है- **महोबा (उत्तर प्रदेश) में**
- वह राज्य, जिसके सभी मंडलों में बायोगैस प्लांट स्थापित करने का निर्णय लिया गया है- **उत्तर प्रदेश**
- हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने 'एक ज़िला, एक उत्पाद योजना' के तहत किन ज़िलों के गुड़ तथा गुड़ से बने उत्पादों को विशिष्ट उत्पाद के रूप में चिह्नित किया है- **मुज़फ्फरनगर, लखीमपुर खीरी, अयोध्या**
- हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा श्रीराम विश्वविद्यालय बनाए जाने की घोषणा की गई- **अयोध्या में**
- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी देश के सबसे प्रदूषित स्थलों की सूची में उत्तर प्रदेश का स्थान है- **द्वितीय (प्रथम- ओडिशा)**
- हाल ही में चर्चित ओ.टी.टी. (Over-the-top) फिल्म 'सीक्रेट्स ऑफ सिनौली' में सिनौली का संबंध उत्तर प्रदेश के किस ज़िले से है- **बागपत**
- इन्प्रिंट इंडिया (इंपैक्टिंग रिसर्च इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी) के निर्देशन में किन संस्थानों की टीम ने एक ऐसा कैलकुलेटर बनाने का निर्णय लिया है, जिससे पता चल सकेगा कि क्षेत्र विशेष में कितने वाहनों द्वारा कितना ध्वनि प्रदूषण हो रहा है- **आईआईटी बीएचयू और आईआईटी रुड़की**
- अयोध्या शोध संस्थान द्वारा तैयार किये गए रामायण के ग्लोबल इनसाइक्लोपीडिया के प्रथम संस्करण को ई-पुस्तक के रूप में लॉन्च किया गया- **6 मार्च, 2021 को**
- 6 से 7 मार्च, 2021 को उ.प्र. में गन्ना विकास विभाग द्वारा दो दिवसीय राज्य गुड़ महोत्सव, 2021 का आयोजन किया गया- **लखनऊ में**
- 6 मार्च, 2021 को पशु प्रयोग, कोविड-19 निदान, संपूर्ण जीनोम अनुक्रमण आदि सुविधाओं को समर्पित नए अनुसंधान भवन 'देसिकन भवन' और 'कोविड डायग्नोसिस, फेसिलिटी लैब' का उद्घाटन उ.प्र. के किस शहर में किया गया है- **आगरा**
- हाल ही में उ.प्र. सरकार ने राज्य की सभी ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है- **31 दिसंबर, 2022 तक**
- हाल ही में किस राज्य में बेहतर उपचार उपलब्ध कराने हेतु सभी लोगों के स्वास्थ्य का इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड तैयार कर एक यूनिक हेल्प आईडी देने का निर्णय लिया गया है- **उत्तर प्रदेश**
- उ.प्र. सरकार द्वारा शुरू किया गया वह पोर्टल, जिसके माध्यम से राज्य के बेरोज़गार युवाओं को नौकरियों की जानकारी दी जाएगी- **सेवा योजन पोर्टल**

# करेंट अफेयर्स

## उत्तर प्रदेश घटनाक्रम

### उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव-2021 की अधिसूचना जारी

- 26 मार्च, 2021 को उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव, 2021 की अधिसूचना जारी की गई। चुनाव तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में इसी दिन से आचार संहिता भी लागू हो गई।
- अधिसूचना के अनुसार प्रदेश में कुल 4 चरणों में मतदान होगा। प्रथम चरण की वोटिंग 15 अप्रैल, 2021 को 18 ज़िलों में, द्वितीय चरण की वोटिंग 19 अप्रैल, 2021 को 20 ज़िलों में, तृतीय चरण की वोटिंग 26 अप्रैल, 2021 को 20 ज़िलों में एवं चतुर्थ चरण की वोटिंग 29 अप्रैल, 2021 को 17 ज़िलों में होगी।
- 2 मई, 2021 को मतगणना की जाएगी।

### केला महोत्सव

- 22 से 25 मार्च, 2021 तक उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कुशीनगर ज़िले में 4 दिवसीय केला महोत्सव का आयोजन किया गया।
- बनाना वेफर्स, चिप्स, अचार एवं बनाना फाइबर से बने कपड़े, चप्पल, दरी तथा अन्य सजावट के सामान इस मेले में शामिल किये गए।
- गौरतलब है कि कुशीनगर ज़िले में केले की खेती को देखते हुए बनाना फाइबर से बने उत्पादों को 'एक ज़िला, एक उत्पाद' योजना के तहत चुना गया है।

### शहनाई उत्सव

- 21 से 23 मार्च, 2021 तक आज़ादी का अमृत महोत्सव के एक भाग के रूप में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय परिसर, वाराणसी में 3 दिवसीय शहनाई उत्सव आयोजित किया गया।
- यह आयोजन शहनाई वादक 'भारतरत्न' उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ की याद में उनकी जयंती पर किया गया।
- संगीत नाटक अकादमी और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संगीत एवं प्रदर्शन कला संकाय ने मिलकर इस संगीत समारोह का आयोजन किया।

### उत्तर प्रदेश में विकसित किया जाएगा नया ईको टूरिज़्म सर्किट

- मार्च 2021 के तीसरे सप्ताह में उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रकृति और वन्यजीवों से प्रेम के प्रतीक के रूप में प्रदेश में एक नया ईको टूरिज़्म सर्किट विकसित करने का निर्णय लिया।
- यह सर्किट आगरा-चंबल क्षेत्र में विकसित किया जाएगा, जिसमें आगरा के ताज़महल के आस-पास के हरित क्षेत्र में नेचर वॉक के साथ-साथ कीठम झील में खूबसूरत देशी-विदेशी पक्षी देखने को मिलेंगे। इस सर्किट में चंबल के बीहड़ों की भी सैर कराई जाएगी। यहाँ ऊँट व घोड़े की सवारी आकर्षण का केंद्र होगी।

### जल जीवन मिशन

- हाल ही में उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में जल जीवन मिशन को सपोर्ट करने हेतु संयुक्त राष्ट्र परियोजना सेवा कार्यालय (UNOPS) और डेनमार्क सरकार द्वारा साझेदारी की गई है। इस साझेदारी का उद्देश्य जल जीवन मिशन हेतु रणनीतिक तकनीकी सहायता प्रदान करना है।
- संयुक्त राष्ट्र परियोजना सेवा कार्यालय जल की कमी से जूझ रहे उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र के 11 ज़िलों में मापने योग्य डिलिवरी मॉडल स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।
- गौरतलब है कि जल जीवन मिशन का लक्ष्य वर्ष 2024 तक भारत के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को घरेलू नल कनेक्शन प्रदान करना है।

### विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट, 2020 में उत्तर प्रदेश

- 16 मार्च, 2021 को स्विस वायु गुणवत्ता प्रौद्योगिकी कंपनी 'IQAir' द्वारा विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट, 2020 जारी की गई।
- इस रिपोर्ट को तैयार करने हेतु 106 देशों से पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) 2.5 का डाटा एकत्र किया गया।
- रिपोर्ट के अनुसार चीन का होतान शहर विश्व का सबसे प्रदूषित शहर है तथा उत्तर प्रदेश का गाज़ियाबाद विश्व का दूसरा और भारत का पहला सबसे प्रदूषित शहर है।
- प्रदूषित शहरों की रैंकिंग में उत्तर प्रदेश के अन्य शहरों का स्थान है- बुलंदशहर-3, बिसरख जलालपुर-4, नोएडा-6, ग्रेटर नोएडा-7, कानपुर-8, लखनऊ-9, मेरठ-12, आगरा-17, मुज़फ्फरनगर-20।
- गौरतलब है कि 'आईक्यूएयर' प्रत्येक वर्ष विश्व के विभिन्न शहरों में वायु प्रदूषण की स्थिति पर रिपोर्ट जारी करती है।

### काला नमक चावल महोत्सव

- 13 से 15 मार्च, 2021 तक उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर ज़िले में 3 दिवसीय काला नमक चावल महोत्सव का आयोजन किया गया।
- इस कार्यक्रम का आयोजन आत्मनिर्भर भारत अभियान और लोकल फॉर वोकल अभियान के तहत चयनित उत्पादों को 'एक ज़िला, एक उत्पाद' के रूप में बढ़ावा देने के लिये किया गया।
- मुख्य रूप से देवरिया, गोरखपुर, कुशीनगर, गोंडा, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, संत कबीर नगर, बहराइच तथा श्रावस्ती में इसकी खेती की जाती है।
- गौरतलब है कि इस चावल को 'बुद्ध चावल' तथा 'बुद्ध का महाप्रसाद' भी कहा जाता है। यह भारत में उगाए जाने वाले सुगंधित चावल की बेहतरीन किस्मों में से एक है।

### सड़क के किनारों से हटाई जाएंगी सभी धार्मिक संरचनाएँ

- 11 मार्च, 2021 को उत्तर प्रदेश सरकार ने सार्वजनिक सड़कों के किनारों से सभी धार्मिक संरचनाओं को हटाने का आदेश दिया।
- आदेश में कहा गया है कि यदि 1 जनवरी, 2011 को या उसके बाद सार्वजनिक सड़कों पर कोई भी धार्मिक निर्माण या अतिक्रमण किया

34. हाल ही में सिपरी द्वारा हथियारों के आयात-निर्यात पर जारी रिपोर्ट के अनुसार विश्व का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश है-
(a) भारत (b) पाकिस्तान
(c) सऊदी अरब (d) उत्तर कोरिया

35. उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव, 2021 का मतदान कितने चरणों में संपन्न होगा?
(a) 5 चरणों में (b) 4 चरणों में
(c) 2 चरणों में (d) 3 चरणों में

36. मानव-हाथी संघर्ष को रोकने हेतु प्रारंभ 'री-हैब' कार्यक्रम में किस अनूठी पद्धति का प्रयोग किया जाएगा?
(a) हाथी गलियारे का विकास (b) क्रॉसिंग ओवर ब्रिज
(c) मधुमक्खी-बाड़ (d) गड्ढों का निर्माण

37. पारादीप प्लास्टिक पार्क का विकास ओडिशा इंडस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा किस सार्वजनिक कंपनी के सहयोग से किया जा रहा है?
(a) ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन
(b) इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(c) भारत इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(d) गेल इंडिया

38. हाल ही में भारत सरकार ने भारत को रैखिक अर्थव्यवस्था से वृत्तीय अर्थव्यवस्था में बदलने के लिये कितने फोकस क्षेत्रों का चयन किया है?
(a) 10 (b) 11
(c) 12 (d) 13

39. हाल ही में निर्मित भारत-बांग्लादेश मैत्री सेतु किस नदी पर बना हुआ है?
(a) तीस्ता (b) मेघना
(c) मेची (d) फेनी

40. विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट, 2020 में गाज़ियाबाद का स्थान है-
(a) प्रथम (b) द्वितीय
(c) तृतीय (d) चतुर्थ

41. 'राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना' के तहत हाल ही में नागपुर शहर की किस नदी हेतु नदी प्रदूषण नियंत्रण परियोजना चलाई जा रही है?
(a) वर्धा (b) वेन गंगा
(c) पेंच (d) नाग

42. 67वाँ राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ हिन्दी का पुरस्कार किस फिल्म को मिला है?
(a) छिछोरे (b) छपाक
(c) थप्पड़ (d) अंग्रेज़ी मीडियम

43. मार्च, 2021 में संपन्न हुई रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज़ का खिताब किस टीम ने जीता?
(a) श्रीलंका लीजेंड्स (b) वेस्टइंडीज़ लीजेंड्स
(c) इंग्लैंड लीजेंड्स (d) इंडिया लीजेंड्स

44. हाल ही में डिजिटल विश्वविद्यालय शुरू करने वाला देश का पहला राज्य है-
(a) आंध्र प्रदेश (b) केरल
(c) मध्य प्रदेश (d) उत्तर प्रदेश

45. हाल ही में उत्तर प्रदेश में केला महोत्सव कहाँ मनाया गया?
(a) कुशीनगर (b) वाराणसी
(c) श्रावस्ती (d) बहराइच

46. हाल ही में 30वाँ बिहारी पुरस्कार किसे प्रदान किया गया है?
(a) मोहन कृष्ण बोहरा (b) हरीश मीनाश्रु
(c) अरुंधति सुब्रमण्यम (d) ज्ञान सिंह

47. हाल ही में कैंब्रिज एनर्जी रिसर्च एसोसिएट्स वीक (CERA Week) का 'ग्लोबल एनर्जी एंड एनवायरनमेंट लीडरशिप अवॉर्ड' किसे प्रदान किया गया है?
(a) व्लादिमीर पुतिन (b) जुसेपी कोंटे
(c) नरेंद्र मोदी (d) इमैनुएल मैक्रॉन

48. हाल ही में भारतीय रिज़र्व बैंक ने किस बैंक को प्राम्ट करेक्टिव एक्शन (पीसीए) फ्रेमवर्क से बाहर कर दिया है?
(a) आईडीबीआई बैंक (b) एचडीएफसी बैंक
(c) भारतीय स्टेट बैंक (d) आईसीआईसीआई बैंक

49. हाल ही में किस देश ने सार्वजनिक जगहों पर बुर्का पहनने पर रोक लगा दी है?
(a) ऑस्ट्रेलिया (b) स्विट्ज़रलैंड
(c) इज़राइल (d) पाकिस्तान

50. हाल ही में के.के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा 2020 का व्यास सम्मान किसे दिया गया है?
(a) शरद पगारे (b) एम.वीरप्पा मोइली
(c) अनामिका (d) महेंद्र चंद्र शर्मा गौतम


## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 2. (b) | 3. (b) | 4. (c) | 5. (d) | 6. (a) | 7. (a) | 8. (b) | 9. (d) | 10. (a) |
| 11. (a) | 12. (b) | 13. (b) | 14. (c) | 15. (b) | 16. (b) | 17. (a) | 18. (b) | 19. (c) | 20. (d) |
| 21. (c) | 22. (a) | 23. (a) | 24. (c) | 25. (c) | 26. (c) | 27. (c) | 28. (a) | 29. (d) | 30. (a) |
| 31. (c) | 32. (d) | 33. (b) | 34. (c) | 35. (b) | 36. (c) | 37. (b) | 38. (b) | 39. (d) | 40. (b) |
| 41. (d) | 42. (a) | 43. (d) | 44. (b) | 45. (a) | 46. (a) | 47. (c) | 48. (a) | 49. (b) | 50. (a) |

# उत्तर प्रदेश : एक झलक



## सामान्य परिचय




| देश/राज्य/ केंद्रशासित प्रदेश | उत्तर प्रदेश के स्पर्शरत् ज़िले |
|---|---|
| **नेपाल** | 7 (महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत) |
| **राजस्थान** | 2 (आगरा एवं मथुरा) |
| **मध्य प्रदेश** | 11 (आगरा, इटावा, जालौन, झाँसी, ललितपुर, महोबा, बाँदा, चित्रकूट, प्रयागराज, मिर्ज़ापुर और सोनभद्र) |
| **बिहार** | 7 (सोनभद्र, चंदौली, गाज़ीपुर, बलिया, देवरिया, कुशीनगर और महराजगंज) |
| **उत्तराखंड** | 7 (सहारनपुर, मुज़फ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली और पीलीभीत) |

| देश/राज्य/ केंद्रशासित प्रदेश | उत्तर प्रदेश के स्पर्शरत् ज़िले |
|---|---|
| **हरियाणा** | 6 (सहारनपुर, शामली, बागपत, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़ और मथुरा) |
| **छत्तीसगढ़** | 1 (सोनभद्र) |
| **झारखंड** | 1 (सोनभद्र) |
| **हिमाचल प्रदेश** | 1 (सहारनपुर) |
| **दिल्ली** | 3 (बागपत, गाज़ियाबाद और गौतमबुद्ध नगर) |

34. निम्नलिखित में से कौन 'भारतेंदु हरिश्चंद्र' की रचना **नहीं** है?
(a) भारतमाता (b) सत्यवादी हरिश्चंद्र
(c) भारत दुर्दशा (d) अंधेर नगरी

35. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित **नहीं** है?
(a) देवीपाटन – बलरामपुर
(b) कालिंजर दुर्ग – चित्रकूट
(c) चक्रतीर्थ नैमिषारण्य – सीतापुर
(d) कामदगिरि पर्वत – चित्रकूट

36. उत्तर प्रदेश का कानपुर नगर निम्नलिखित में से किस ज़िले से अपनी सीमा साझा **नहीं** करता है?
(a) फतेहपुर (b) उन्नाव
(c) लखनऊ (d) कन्नौज

37. उत्तर प्रदेश के कौन-से स्थान पर जे.के. मंदिर स्थित है?
(a) कानपुर नगर (b) कानपुर देहात
(c) उन्नाव (d) वाराणसी

38. अकबर द्वारा किसके सम्मान में फतेहपुर सीकरी का निर्माण कराया गया था?
(a) शेख उस्मान
(b) शेख मुईनुद्दीन चिश्ती
(c) शेख सलीम चिश्ती
(d) बाबा फरीद

39. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित है?
(a) गिरिजा देवी – आगरा घराना
(b) पंडित यशपाल – बनारस घराना
(c) भीमसेन जोशी – किराना घराना
(d) ध्रुवतारा जोशी – खुर्जा घराना

40. पूर्वांचल की लोक गायन परंपरा 'बिरहा' का गायन मुख्य रूप से किया जाता है-
(a) अवधी भाषा में (b) भोजपुरी भाषा में
(c) ब्रज भाषा में (d) खड़ीबोली में

41. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 'संस्कृति विभाग' की स्थापना की गई-
(a) 1947 ई. में (b) 1950 ई. में
(c) 1957 ई. में (d) 1960 ई. में

42. निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान अवधी भाषा का प्रमुख क्षेत्र **नहीं** है?
(a) बलरामपुर (b) महराजगंज
(c) रायबरेली (d) अमेठी

43. उत्तर प्रदेश राज्य में प्रथम फिल्म नीति की घोषणा कब की गई थी?
(a) 1999 ई. में (b) 1975 ई. में
(c) 2015 ई. में (d) 1967 ई. में

44. निम्नलिखित में से कौन भारत की पहली 'बोलती फिल्म' है?
(a) वीर अभिमन्यु (b) देवदास
(c) आलम आरा (d) सम्राट अशोक

45. अशोककालीन अहरौरा अभिलेख निम्नलिखित में से किस स्थान से प्राप्त हुआ है?
(a) सहारनपुर (b) मिर्ज़ापुर
(c) सोनभद्र (d) वाराणसी

46. निम्नलिखित में से किस स्थान को उत्तर प्रदेश की औद्योगिक राजधानी की संज्ञा दी जाती है?
(a) लखनऊ (b) प्रयागराज
(c) गाज़ियाबाद (d) कानपुर नगर

47. निम्नलिखित में से कौन-सा सुमेलित **नहीं** है?
(a) एनर्जी कैपिटल ऑफ इंडिया – सोनभद्र
(b) शिराज़-ए-हिंद – जौनपुर
(c) कान्यकुब्ज – कन्नौज
(d) खलीलाबाद – संत रविदास नगर

48. निम्नलिखित में से किसके द्वारा लखनऊ में चित्रकला की 'वाश' तथा 'टेंपा' नामक दो शैलियों की शुरुआत की गई?
(a) असित कुमार हालदार (b) राजकपूर चितेरा
(c) महेंद्र नाथ सिंह (d) शिवनंदन नौटियाल

49. उत्तर प्रदेश में 'राज्य ललित कला अकादमी' कहाँ स्थित है?
(a) वाराणसी (b) प्रयागराज
(c) आगरा (d) लखनऊ


50. उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के अंतर्गत लखनऊ में स्वायत्तशासी संस्थान के रूप में 'राष्ट्रीय कथक संस्थान' की स्थापना हुई-
(a) 1975-76 में (b) 1965-66 में
(c) 1988-89 में (d) 1991-92 में

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (c) | **2.** (a) | **3.** (c) | **4.** (b) | **5.** (d) | **6.** (a) | **7.** (b) | **8.** (c) | **9.** (a) | **10.** (c) |
| **11.** (c) | **12.** (a) | **13.** (b) | **14.** (d) | **15.** (c) | **16.** (d) | **17.** (a) | **18.** (c) | **19.** (c) | **20.** (a) |
| **21.** (c) | **22.** (d) | **23.** (c) | **24.** (a) | **25.** (b) | **26.** (d) | **27.** (c) | **28.** (a) | **29.** (c) | **30.** (a) |
| **31.** (d) | **32.** (b) | **33.** (b) | **34.** (a) | **35.** (b) | **36.** (c) | **37.** (a) | **38.** (c) | **39.** (c) | **40.** (b) |
| **41.** (c) | **42.** (b) | **43.** (a) | **44.** (c) | **45.** (b) | **46.** (d) | **47.** (d) | **48.** (a) | **49.** (d) | **50.** (c) |

दृष्टि The Vision

## NCERT सीरीज़ की पुस्तकें




## मेन्स कैप्सूल सीरीज़ की पुस्तकें




**आपके नज़दीकी बुक स्टॉल,**
**दृष्टि लर्निंग ऐप एवं drishtiias.com पर उपलब्ध**

**विस्तृत जानकारी के लिये कॉल करें 8448485516, 87501-87501, 011-47532596**

# एग्ज़ाम पॉइंटर

**(सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये विषयवार महत्त्वपूर्ण तथ्यों का संकलन)**

## भारतीय इतिहास

- भारत के प्राचीनतम पंचमार्क्ड सिक्के जो मुख्यत: चांदी के बने होते थे, कहलाते हैं- ***आहत् सिक्के***
- वह काल जिस समय सर्वप्रथम कृषि उत्पादन शुरू हुआ था- ***नवपाषाण काल***
- वह नवपाषाणकालीन स्थल जहाँ की कब्रों में मालिक के साथ पालतू कुत्तों के दफनाने के अवशेष मिले हैं- ***कश्मीर स्थित बुर्जहोम***
- ताम्रपाषाण युग का वह स्थल जो किलाबंद और खाई से घिरा हुआ था- ***इनामगाँव***
- चालुक्य राजा विक्रमादित्य पंचम् (1076-1127) के पराक्रमों का वृतांत निहित है- ***विक्रमांकदेवचरित में***
- अशोक के अधिकांश शिलालेख ब्राह्मी लिपि में है। यह लिपि लिखी जाती है- ***बाएँ से दाएँ***
- हड़प्पा संस्कृति के विस्तार के संदर्भ में 'चोलिस्तान' शब्द का प्रयोग किस क्षेत्र के लिये किया गया- ***थार रेगिस्तान से लगा हुआ पाकिस्तान का रेगिस्तानी क्षेत्र***
- वैदिक काल में 'वज्रपति' पद प्रयुक्त हुआ है- ***चरागाह भूमि के अधिकारी के लिये***
- बुद्ध की जीवनी की रचना बौद्ध साहित्य में विशेष स्थान रखती है। बुद्ध की पूर्ण जीवनी समाहित है- ***महायान बौद्ध सूत्र 'ललितविस्तर' में***
- वह शासक जिसने बोधगया में उस बोधिवृक्ष को कटवा डाला जिसके नीचे बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था- ***गौड़ देश के शिवभक्त राजा शशांक ने***
- 'चतुर्दान' जिसमें विद्या, आहार, औषधि और आश्रय के दान शामिल हैं, संबंधित है- ***जैन सिद्धांत से***
- कौटिल्य ने किस राजमार्ग को मौर्यकालीन अर्थव्यवस्था के लिये सर्वाधिक उपयोगी बताया था- ***प्रतिष्ठान-श्रावस्ती राजमार्ग***
- पाँचवीं सदी के तमिल महाकाव्य शिलप्पादिकारम में किस नदी की स्तुति की गई- ***कावेरी***
- विजयनगर साम्राज्य के संदर्भ में 'कुदिरई चेट्टी' शब्द का संबंध है- ***घोड़े के व्यापारियों से***
- 'घेरे की नीति' या 'पॉलिसी ऑफ रिंग-फेस' प्रस्तावित की गई थी- ***वारेन हेस्टिंग्स के द्वारा***
- वह शासक जिसने लॉर्ड वेलेजली की सहायक संधि को सबसे पहले स्वीकार किया था- ***हैदराबाद का निज़ाम***
- 'लॉटरी समिति' (1817) संबंधित थी- ***शहरी नियोजन से***
- 1857 के विद्रोह के बाद अंग्रेज़ों ने 'लड़ाकू' जाति घोषित किया था- ***पंजाबियों को, गोरखों को और पठानों को***
- वर्ष 1815 में आत्मीय सभा की स्थापना की गई थी- ***राजा राममोहन राय द्वारा***
- ईश्वरचंद्र विद्यासागर द्वारा चलाए गए सामाजिक सुधार आंदोलन में प्रमुख विषय था- ***विधवा पुनर्विवाह***
- समाज सुधार के उद्देश्य से 'सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसायटी' की स्थापना की गई थी- ***गोपाल कृष्ण गोखले द्वारा***
- कॉन्ग्रेस के उद्भव से पहले वह संस्था जिसका लक्ष्य इंग्लैंड में अंग्रेज़ों को भारतीयों के कल्याण हेतु राजनीतिक रूप से शिक्षित करने का था ताकि वे भारत के शासक के रूप में अपने उत्तरदायित्वों के प्रति जागरूक हो सकें- ***ईस्ट इंडिया एसोसिएशन***
- वह आंदोलन जिसके दौरान प्रथम बार 'वंदे मातरम्' का व्यापक स्तर पर प्रयोग किया गया- ***स्वदेशी आंदोलन***
- वह घटना जिसके पश्चात् असहयोग आंदोलन वापस ले लिया गया था- ***चौरी-चौरा कांड***
- अक्टूबर 1940 में गांधी जी ने व्यक्तिगत सत्याग्रह प्रारंभ किया था। इसके लिये उन्होंने प्रथम सत्याग्रही चुना- ***विनोबा भावे को***

## कला एवं संस्कृति

- भारत की प्राचीनतम अवशिष्ट शैलकृत गुफाएँ जिनका संबंध प्रागैतिहासिक काल से है, अवस्थित है- ***भीमबेटका (मध्य प्रदेश) में***
- आठवीं सदी में कांची में कैलाशनाथ मंदिर का निर्माण करवाने का श्रेय जाता है- ***पल्लवों को***
- वह स्थापत्य शैली जिसमें भारतीय तथा यूरोपीय दोनों की विशेषताएँ देखने को मिलती हैं- ***इंडो-सारासेनिक शैली***
- सारनाथ में स्थित वह स्तूप जहाँ बुद्ध का उन पंच वर्गीय भिक्षुओं के साथ फिर से मिलन हुआ जिन्होंने पहले उन्हें छोड़ दिया था, कहलाता है- ***चौखंडी स्तूप***
- ऊँची उठी हुई छतें, नोकदार मेहराब और बारीक साज-सज्जा प्रमुख विशेषताएँ थीं- ***अंग्रेज़ों द्वारा प्रचलित की गई नव-गॉथिक शैली की***
- मंदिरों का शिखर पिरामिड के आकार का तथा ऊपर की ओर छोटी होती हुई मंजिलें, विशेषता है- ***द्रविड़ शैली का***
- प्रथम शताब्दी और पाँचवी शताब्दी के चित्रों को संरक्षित रखने वाली गुफाओं का एकमात्र जीवंत उदाहरण है- ***अजंता गुफा***
- पेरिया कोविल, राजराजेश्वर मंदिर तथा राजराजेश्वरम के नाम से प्रसिद्ध भगवान शिव को समर्पित हिंदू मंदिर है-***श्री बृहदेश्वर मंदिर, तंजावुर***

# सामान्य हिन्दी

## समास एवं उनके भेद

समास का सरल अर्थ 'संक्षिप्तीकरण' है। जब दो या दो से अधिक शब्दों के मेल से एक नया एवं सार्थक शब्द बनता है तो उस नवीन एवं सार्थक शब्द को **समास** कहा जाता है।

**जैसे:** 'रसोई के लिये घर' को हम संक्षिप्त रूप में 'रसोईघर' भी कह सकते हैं।

समास का प्रयोग 'संस्कृत' तथा अन्य भारतीय भाषाओं में बहुत अधिक होता है। समास के प्रमुख छः (6) प्रकार या भेद हैं-

**समास के प्रमुख प्रकार/भेद**

- तत्पुरुष समास
- द्विगु समास
- द्वंद्व समास
- अव्ययीभाव समास
- कर्मधारय समास
- बहुव्रीहि समास

### तत्पुरुष समास

जिस समास का उत्तरपद (बाद का पद) प्रधान तथा पूर्व पद गौण हो, वह **तत्पुरुष समास** कहलाता है। ऐसे समास में दोनों पदों के बीच लगने वाला कारक चिह्न भी लुप्त हो जाता है।

**जैसे**- राजकुमार (राजा का कुमार), तुलसीदासकृत [तुलसीदास द्वारा कृत (रचित)], रचनाकार (रचना को करने वाला), धर्मग्रंथ (धर्म का ग्रंथ)।

विभक्तियों के नामों के अनुसार तत्पुरुष समास के प्रमुख रूप से छः (6) भेद/प्रकार होते हैं, जो निम्नलिखित हैं-

- कर्म तत्पुरुष समास
- करण तत्पुरुष समास
- संप्रदान तत्पुरुष समास
- अपादान तत्पुरुष समास
- संबंध तत्पुरुष समास
- अधिकरण तत्पुरुष समास

**कर्म तत्पुरुष समास:** इस प्रकार के समास में कर्म कारक की विभक्ति **'को'** लुप्त (विलुप्त) हो जाती है, **जैसे**- गगनचुंबी (गगन को चूमने वाला), जेबकतरा (जेब को कतरने वाला), चिड़ीमार (चिड़ियों को मारने वाला)।

**करण तत्पुरुष समास:** इस प्रकार के समास में करण कारक की विभक्ति **'से'** तथा **'द्वारा'** लुप्त (विलुप्त) हो जाती हैं, **जैसे**- सूररचित (सूर द्वारा रचित), करुणापूर्ण (करुणा से पूर्ण), शोकग्रस्त (शोक से ग्रस्त)।

**संप्रदान तत्पुरुष समास:** इस प्रकार के समास में संप्रदान कारक की विभक्ति, **'के लिये'** लुप्त (विलुप्त) हो जाती है, **जैसे**- विधानसभा (विधान के लिये सभा), गोशाला (गो के लिये शाला), हथकड़ी (हाथ के लिये कड़ी)।

**अपादान तत्पुरुष समास:** इस प्रकार के समास में अपादान कारक की विभक्ति, **'से'** (विभक्त/अलग होने का भाव) लुप्त (विलुप्त) हो जाती है, **जैसे**- जलहीन (जल से हीन), पदच्युत (पद से च्युत), दोषमुक्त (दोष से मुक्त)।

**संबंध तत्पुरुष समास:** इस प्रकार के समास में संबंध कारक की विभक्ति **'का, के, की'** लुप्त (विलुप्त) हो जाती हैं, **जैसे**- राजभवन (राजा का भवन), सभापति (सभा का पति), लोकनायक (लोक का नायक)।

**अधिकरण तत्पुरुष समास:** अधिकरण तत्पुरुष में दूसरा पद प्रधान होता है। इस प्रकार के समास में अधिकरण कारक की विभक्ति **'में'** तथा **'पर'** लुप्त (विलुप्त) हो जाती हैं, **जैसे**- ग्रामवास (ग्राम में वास), नरोत्तम (नर में उत्तम), कविश्रेष्ठ (कवियों में श्रेष्ठ)।

### द्विगु समास

जिस समास का पूर्व पद संख्यावाचक विशेषण हो, वह **द्विगु समास** कहलाता है। इस प्रकार के समास में **समूह** या **समाहार** का ज्ञान (बोध) होता है, **जैसे**- तिरंगा (तीन रंगों का समूह), अठन्नी (आठ आनों का समूह), दोपहर (दो पहरों का समूह)।

### द्वंद्व समास

जिस समास के दोनों पद प्रधान होते हैं एवं दोनों पदों के बीच में योजक चिह्न (–) का प्रयोग होता है तथा विग्रह करने पर दोनों पदों के मध्य (बीच) में निम्नलिखित पद, जैसे- **और, अथवा, एवं, या** लगाते हैं तो ऐसा समास **द्वंद्व समास** कहलाता है, **जैसे**- राधा-कृष्ण (राधा और कृष्ण), अन्न-जल (अन्न और जल), खरा-खोटा (खरा या खोटा)।

### अव्ययीभाव समास

जिस समास का प्रथम पद अव्यय तथा प्रधान होता है, वह **अव्ययीभाव समास** कहलाता है।

**जैसे**- प्रतिदिन (प्रत्येक दिन), यथामति (मति के अनुसार), भरपेट (पेट भर के),यथारुचि (रुचि के अनुसार), आजन्म (जन्म से लेकर)

उपर्युक्त उदाहरणों में 'प्रति', 'यथा', 'भर' ये सभी अव्यय हैं। जब किसी पद में समास लग जाता है तो उसका रूप नहीं बदलता तथा पूरा पद अव्यय हो जाता है। साथ ही, इसमें विभक्ति चिह्न भी नहीं लगता।

### कर्मधारय समास

जिस समास का उत्तरपद प्रधान हो तथा पूर्वपद एवं उत्तरपद में उपमान-उपमेय या विशेषण-विशेष्य का संबंध होता है, वह **कर्मधारय समास** कहलाता है। इस प्रकार के समास में 'समस्त-पद' का विग्रह करने पर दोनों पदों के मध्य में **जो, है, के समान** इत्यादि शब्द आते हैं, जैसे- पीतांबर (पीत है जो अंबर), नीलकमल (नीला है जो कमल), परमानंद (परम है जो आनंद)।

**नोट:** कर्मधारय समास को समानाधिकरण तत्पुरुष समास के नाम से भी जाना जाता है।

### बहुव्रीहि समास

जिस समास के समस्त पदों में से कोई भी पद प्रधान नहीं होता तथा दोनों पद मिलकर किसी तीसरे पद की ओर संकेत करते हैं तो ऐसा समास **बहुव्रीहि समास** कहलाता है, **जैसे**- मृत्युंजय [मृत्यु को जीतने वाला (भगवान शंकर)], दशानन [दस हैं आनन (मुख) जिसके (अर्थात् रावण)], घनश्याम [घन के समान श्याम है जो (अर्थात् कृष्ण)], लंबोदर [लंबा है उदर जिसका (अर्थात् गणेश)]।

# General English

## Subject-Verb Agreement
(Part-1)

वाक्यों में Subject के Number एवं उसके Person के अनुसार Verb का प्रयोग ही Subject-Verb Agreement कहलाता है। वाक्यों में Subject की पहचान एवं Verb का यथोचित प्रयोग ही इस chapter की विधा है। नीचे कुछ grammar rules दिये गए हैं, जिनकी सहायता से विद्यार्थियों के Sentence Correction में त्रुटि की संभावना नहीं होगी।

### Rule: 1

❒ प्रायः किसी Singular Subject के साथ Singular Verb एवं किसी Plural Subject के साथ Plural Verb का प्रयोग किया जाता है और यही इस Chapter का आधारभूत Concept भी माना जा सकता है।

Example:

- The puzzle was that a single cell could not decompose water.
- Where are the pieces of this puzzle?

*(चूँकि, यहाँ Subject, 'puzzle' नहीं, बल्कि 'the pieces of this puzzle' है एवं Main Subject 'the pieces' है, जो plural है।)*

❒ किंतु, यदि दो Singular nouns, 'and' से जुड़े हों, तो Plural verb का प्रयोग करते हैं।

Example:

- Mohan and Manohar were waiting outside the hotel.

### Rule: 2

❒ यदि दो या दो से अधिक Nouns या Adjective एक ही व्यक्ति, वस्तु या idea को दर्शाएँ, तो वहाँ Singular verb का ही प्रयोग किया जाता है।

Example:

- The great painter and director of this show is coming.
- My friend, a great painter and director of this museum has gone to Paris.
- Litti and Chokha is the favourite dish of Bihar.
- Slow and steady wins the race.

***Note:***

❒ जब एक ही व्यक्ति, वस्तु या idea को दर्शाने के लिये दो Nouns अथवा Adjectives का प्रयोग हो, तो उनसे पहले एक article का प्रयोग आवश्यक है। जब दोनों Nouns या Adjectives के पहले एक-एक Article का प्रयोग हो, तो इसका अर्थ होता है कि ये दोनों Nouns या Adjective दो अलग-अलग व्यक्ति, वस्तु अथवा idea को दर्शा रहे हैं।

Example:

- The fourth and last chapter of this book was more interesting.
- The fourth and the last chapter of this book were written by Ashutosh.

### Rule: 3

❒ वैसे वाक्यों में, जो 'Here अथवा there' से शुरू होते हैं, उनमें Verb, Subject से पहले लिखे जाते हैं, जो अपने बाद आने वाले Subject के Number के अनुसार प्रयोग किये जाते हैं।

Example:

- Here comes the bus.
- There are those ruffians who stole her purse.

### Rule: 4

❒ वाक्य में Verb, हमेशा Subject के अनुसार प्रयोग करना चाहिये। हम प्रायः (Modifiers या Parentheses के कारण) Verb को नज़दीक वाले Subject के अनुसार प्रयोग करते हैं, जो गलत है। Verb को हमेशा Main subject के अनुसार प्रयोग करना चाहिये।

Example:

- Shayak (and his dogs) is often seen playing at the orchard.
- The hospital for the cancer patients has been built.

### Rule: 5

❒ अगर वाक्य में 'Either, Neither या None रहे तो Verb हमेशा Singular होगा। इनके बाद आने वाला Subject Plural होता है।

***Note:***

❒ Either of अथवा Neither of का प्रयोग '*किसी दो व्यक्तियों/वस्तुओं/स्थानों etc में से एक के संदर्भ में*' किया जाता है।

❒ Either of का अर्थ होता है, 'दो में से एक', जबकि Neither of का अर्थ होता है, *दो में से एक भी नहीं।* इनके बाद आने वाला Subject Plural, किंतु Verb, Singular होता है।

Example:

- Either of the two girls takes Rikshaw to reach college. या Either of the girls takes Rikshaw to reach college.
- Neither of the bags looks dirty.

❒ *दो से अधिक* के लिये **One of** या **None of** का प्रयोग करते हैं।

Example:

- One of the three girls takes Uber to reach college.
- None of the bags looks dirty.

*(यहाँ, दो से अधिक bags की बात हो रही है।)*

# बेसिक मैथ्स

## सरलीकरण (Simplification)

अब तक हमने विभिन्न प्रकार की संख्याओं (सम, विषम, भाज्य, अभाज्य, परिमेय, अपरिमेय, दशमलव, भिन्न आदि) के बारे में पढ़ा है तथा उनकी विभिन्न गणितीय संक्रियाओं के बारे में जाना है। प्रश्नों को हल करते समय कई बार जटिल अंकगणितीय पद प्राप्त हो जाते हैं, जिनमें जोड़, घटाव, गुणा, भाग, बार कोष्ठक आदि उपस्थित होते हैं। इस अध्याय में हम इस प्रकार के अंकगणितीय पदों को सरल करना सीखेंगे। अंकगणितीय पदों को हम दो प्रकार से हल कर सकते हैं-

(i) VBODMAS नियम द्वारा

(ii) बीजगणितीय सूत्रों द्वारा

### (i) VBODMAS नियम

'VBODMAS' के प्रत्येक अक्षर का अर्थ नीचे दिया गया है।

V → Vinculum or Bar (दंड कोष्ठक)

B → Bracket (कोष्ठक)

- → ( ) Small Bracket/Circular Bracket (छोटा कोष्ठक)
- → { } Curly Bracket/Middle Bracket (मध्यम/मझला कोष्ठक)
- → [ ] Big Bracket/Square Bracket (बड़ा कोष्ठक)

O → of (का) → गुणा

D → Division (भाग)

M → Multiplication (गुणा)

A → Addition (जोड़)

S → Subtraction (घटाना)

इस नियम का अर्थ यह है कि यदि किसी अंकगणितीय पद में सभी संक्रियाएँ उपस्थित हों तो हम VBODMAS के क्रम में पद को हल करते हैं। इसके अनुसार सबसे पहले दंडकोष्ठक (बार), फिर अन्य सभी कोष्ठकों को, उसके बाद 'का' को तथा फिर क्रमशः भाग (÷), गुणा (×), जोड़ (+) तथा घटाव (–) को हल करते हैं।

कोष्ठक को हल करते समय सबसे पहले छोटा कोष्ठक ( ), फिर मझला कोष्ठक { } तथा बाद में बड़े कोष्ठक [ ] को हल करते हैं।

**उदाहरणः** $2 \times 10 \div 5 - [8 \times 1 \div 4 - \{(\overline{5-3} + 6) \div 2\}]$ को सरल करो।

**हलः** VBODMAS के नियम द्वारा हल करने पर

$$2 \times 10 \div 5 - [8 \times 1 \div 4 - \{(\overline{5-3} + 6) \div 2\}]$$
$$= 2 \times 10 \div 5 - [8 \times 1 \div 4 - \{(2 + 6) \div 2\}]$$
$$= 2 \times 10 \div 5 - [8 \times 1 \div 4 - \{(8 \div 2\}]$$
$$= 2 \times 10 \div 5 - [8 \times 1 \div 4 - 4\}]$$
$$= 2 \times 10 \div 5 - [8 \times \frac{1}{4} - 4\}]$$
$$= 2 \times \frac{10}{5} - [2 - 4]$$
$$= 2 \times 2 - [-2]$$
$$= 4 + 2 = 6$$

### (ii) महत्त्वपूर्ण बीजगणितीय सूत्र

सरलीकरण में हम निम्न बीजगणितीय सूत्रों का प्रयोग करते हैं-

1. $(a + b)^2 = a^2 + b^2 + 2ab$
2. $(a - b)^2 = a^2 + b^2 - 2ab$
3. $(a + b)^2 + (a - b)^2 = 2(a^2 + b^2)$
4. $(a + b)^2 - (a - b)^2 = 4ab$
5. $(a^2 - b^2) = (a - b)(a + b)$
6. $(a^3 + b^3) = (a + b)(a^2 + b^2 - ab)$
7. $(a^3 - b^3) = (a - b)(a^2 + b^2 + ab)$
8. $(a + b)^3 = a^3 + b^3 + 3ab(a + b)$
9. $(a - b)^3 = a^3 - b^3 - 3ab(a - b)$
10. $(a^3 + b^3 + c^3 - 3abc) = (a + b + c)(a^2 + b^2 + c^2 - ab - bc - ca)$
11. $(a^2 + b^2 + c^2 - ab - bc - ca) = \frac{1}{2}[(a - b)^2 + (b - c)^2 + (c - a)^2]$
12. $(a^3 + b^3 + c^3 - 3abc) = \frac{1}{2}(a + b + c)[(a - b)^2 + (b - c)^2 + (c - a)^2]$

इस प्रकार के प्रश्नों में कोई अंकगणितीय पद किसी बीजगणितीय सूत्र के रूप में दिया रहता है, तो बीजगणितीय सूत्र को सीधे-सीधे प्रयोग कर उत्तर निकाला जाता है, जिससे समय की बचत होती है।

**उदाहरणः** $0.987 \times 0.987 + 0.987 \times 2 \times 0.13 + 0.13 \times 0.13$ को सरल करो।

# बेसिक रीज़निंग



## वर्गीकरण एवं सादृश्यता (Classification and Analogy)

### वर्गीकरण (Classification)

वर्गीकरण का अर्थ होता है– 'विजातीय परीक्षण'। इस परीक्षण का उद्देश्य, दिये गए समूह, श्रेणी या वर्गों के तत्त्वों को सामान्य संबंधों के आधार पर समूहबद्ध करना तथा बचे हुए शब्दों, अक्षरों या अंकों को अलग करना होता है। इसके अंतर्गत अंग्रेज़ी वर्णमाला, वस्तुओं के संबंध एवं समान गुणों वाली संख्या पर आधारित प्रश्न पूछे जाते हैं। इस प्रकार के प्रश्नों को आसानी से समझने के लिये, यहाँ भी विभिन्न प्रकार के प्रश्नों का अलग-अलग संग्रह किया गया है, जो निम्नांकित हैं।

***उदाहरण:***

***निर्देश (प्र.सं. 1–10):*** *नीचे दिये गए प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प दिये गए हैं, जिनमें से तीन एक समान हैं, जबकि चौथा तीनों से भिन्न है। भिन्न विकल्प को चुनिये।*

1. (a) आम (b) नारंगी
   (c) मौसमी (d) अखरोट

**हल:** (d) अखरोट एक सूखा फल है, जबकि अन्य सभी रसदार फल हैं।

2. (a) फूलगोभी (b) लीची
   (c) परवल (d) बैंगन

**हल:** (b) लीची एक फल है, जबकि अन्य सभी सब्ज़ियाँ।

3. (a) पालक (b) बथुआ
   (c) मेथी (d) मटर

**हल:** (d) भोजन के रूप में मटर के बीज का उपयोग किया जाता है, जबकि अन्य की पत्तियों का।

4. (a) गेहूँ (b) चना
   (c) चावल (d) जौ

**हल:** (c) चावल खरीफ फसल के अंतर्गत आता है, जबकि अन्य तीनों रबी फसल के अंतर्गत आते हैं।

5. (a) भेड़िया (b) शेर
   (c) बाघ (d) चीता

**हल:** (a) भेड़िया, कुत्ता वर्ग के अंतर्गत आता है, जबकि अन्य सभी बिल्ली वर्ग के अंतर्गत आते हैं।

6. (a) गाय (b) घोड़ा
   (c) चीता (d) कुत्ता

**हल:** (c) चीता जंगली जानवर है, जबकि अन्य सभी पालतू जानवर हैं।

7. (a) बत्तख (b) तोता
   (c) कबूतर (d) मैना

**हल:** (a) बत्तख पानी में तैर सकती है, जबकि अन्य पक्षी पानी में नहीं तैर सकते।

8. (a) जनवरी (b) जून
   (c) अगस्त (d) मार्च

**हल:** (b) जून का महीना 30 दिनों का होता है, जबकि अन्य तीनों महीने 31 दिनों के होते हैं।

9. (a) पटना (b) लखनऊ
   (c) नई दिल्ली (d) भोपाल

**हल:** (c) नई दिल्ली देश की राजधानी है, जबकि अन्य सभी देश के विभिन्न राज्यों की राजधानियाँ हैं।

10. (a) उज्जैन (b) अहमदाबाद
    (c) आगरा (d) भोपाल

**हल:** (a) उज्जैन एक धार्मिक स्थल है, जबकि अन्य सभी औद्योगिक नगर हैं।

### सादृश्यता/समरूपता (Analogy)

सादृश्यता से हमारा तात्पर्य होता है– समानता। अतः इस अध्याय के प्रश्नों को हल करने का उद्देश्य, दी गई वस्तुओं के बीच समानता को पहचानना अथवा प्रदत्त समूहों के बीच अंतर्निहित आंतरिक संबंधों का विश्लेषण करना होता है।

सादृश्यता से संबंधित प्रश्नों को हल करने में हमें निम्नलिखित दो कार्य करने होते हैं–

- प्रश्न में दिये गए दो शब्दों/अक्षर समूहों/संख्याओं के बीच के संबंध को पहचानना।
- दिये गए तीसरे शब्द/अक्षर समूह/संख्या के साथ उपर्युक्त विकल्प को लागू कर सही विकल्प को चुनना।

### प्रश्नों के प्रकार

**प्रकार 1.**

इस प्रकार के प्रश्नों में किसी विशेष संबंध से संबंधित दो वस्तुएँ दी गई रहती हैं और फिर एक तीसरी वस्तु और कुछ विकल्प दिये रहते हैं। हमें यह पता करना होता है कि विकल्पों में से कौन-सा विकल्प तीसरी वस्तु से वही संबंध रखता है, जो पहली और दूसरी वस्तु में होता है।

***उदाहरण:*** मोर : भारत :: एमु : ?

(a) ब्रिटेन
(b) फ्राँस
(c) न्यूज़ीलैंड
(d) ऑस्ट्रेलिया

**हल:** ऑस्ट्रेलिया सही उत्तर है। जिस प्रकार भारत का राष्ट्रीय पक्षी मोर है, उसी प्रकार ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रीय पक्षी एमु है।

# मॉडल पेपर

## प्रवक्ता, राजकीय डिग्री कॉलेज (स्क्रीनिंग) परीक्षा-2020

(संभावित परीक्षा तिथि- 17/04/2021)

समय : 2 घंटे

कुल प्रश्न : 120
अधिकतम अंक : 150

### भाग-I

### (सामान्य अध्ययन)

1. जनगणना 2021 का विषय (थीम) है-
   (a) जन भागीदारी से विश्वकल्याण।
   (b) जन भागीदारी से जनकल्याण।
   (c) हमारी जनगणना, हमारा भविष्य।
   (d) सबका साथ, सबका विकास।

2. निम्नलिखित में से उत्तर प्रदेश का सबसे छोटा वन्यजीव विहार कौन-सा है?
   (a) हस्तिनापुर वन्यजीव विहार, मेरठ।
   (b) चंद्रप्रभा वन्यजीव विहार, चंदौली।
   (c) महावीर स्वामी वन्यजीव विहार, ललितपुर।
   (d) रानीगंज वन्यजीव विहार, बाँदा।

3. भारत वन स्थिति रिपोर्ट-2019 के अनुसार वन क्षेत्रफल में वृद्धि वाले शीर्ष राज्यों का सही अनुक्रम है-
   (a) कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, केरल, जम्मू-कश्मीर
   (b) आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर
   (c) कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, जम्मू-कश्मीर
   (d) हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश

4. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक महिला साक्षरता वाला ज़िला है-
   (a) गौतमबुद्ध नगर (b) औरैया
   (c) लखनऊ (d) कानपुर नगर

5. सूची-I तथा सूची-II को सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

| सूची-I (औद्योगिक केंद्र) | सूची-II (अवस्थिति/देश) |
|---|---|
| A. लियोन | 1. फ्राँस |
| B. कासाब्लांका | 2. मोरक्को |
| C. एंटवर्प | 3. बेल्जियम |
| D. ब्रेडफोर्ड | 4. ब्रिटेन |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

6. निम्नलिखित में से होयसल वंश का संस्थापक कौन था?
   (a) मयूर शर्मन (b) विष्णुवर्धन
   (c) बीटा प्रथम (d) भिल्लम पंचम

7. 'इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ वेजीटेबल रिसर्च' स्थित है-
   (a) वाराणसी, उत्तर प्रदेश
   (b) मेरठ, उत्तर प्रदेश
   (c) शिमला, हिमाचल प्रदेश
   (d) लखनऊ, उत्तर प्रदेश

8. कैबिनेट मिशन के प्रस्ताव पर गठित अंतरिम मंत्रिमंडल के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित **नहीं** है?
   (a) वल्लभभाई पटेल - गृह, सूचना तथा प्रसारण
   (b) आसफ अली - रेलवे
   (c) जॉन मथाई - उद्योग तथा आपूर्ति
   (d) आई.आई. चुंदरीगर - रक्षा

9. सूची-I तथा सूची-II को सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये:

| सूची-I (शेयर मूल्य सूचकांक) | सूची-II (स्टॉक एक्सचेंज) |
|---|---|
| A. कोस्पी | 1. टोकियो |
| B. बोवेस्पा | 2. सिंगापुर |
| C. स्ट्रेट्स टाइम्स | 3. ब्राजील |
| D. निक्की | 4. कोरिया |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

# मॉडल पेपर

## जूनियर हाई स्कूल प्रधानाध्यापक/सहायक अध्यापक चयन परीक्षा-2021

**(संभावित परीक्षा तिथि- 18/04/2021)**

**समय : 2:30 घंटे**

**कुल प्रश्न : 150**
**पूर्णांक : 150**

### खंड-क

### सामान्य ज्ञान (अनिवार्य)

1. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित **नहीं** है?

| **(राष्ट्रीय उद्यान)** | | **(राज्य)** |
|---|---|---|
| (a) दाचीगाम | - | जम्मू एवं कश्मीर |
| (b) दुधवा | - | उत्तर प्रदेश |
| (c) पेरियार | - | तमिलनाडु |
| (d) केइबुल-लामजाओ | - | मणिपुर |

2. भारत के निम्नलिखित क्षेत्रों में से कौन-सा/से क्षेत्र जैव विविधता की दृष्टि से समृद्ध (हॉटस्पॉट) है/हैं?
   (a) सुंडालैंड (b) इंडो-बर्मा
   (c) पश्चिमी घाट (d) उपर्युक्त सभी।

3. क्योटो प्रोटोकॉल एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है, जो संबंधित है-
   (a) हरित गृह गैसों के उत्सर्जन में कमी लाने से।
   (b) ओज़ोन परत के संरक्षण से।
   (c) अवैध वन्य जीव व्यापार पर रोक लगाने से।
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

4. 'अगुलहास' धारा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह हिंद महासागर की एक ठंडी जलधारा है।
   2. यह पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के तट पर प्रवाहित होती है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

5. निम्नलिखित में से कौन-सी जनजाति अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह की **नहीं** है?
   (a) जारवा (b) शोंपेन
   (c) सेंटनलीज़ (d) कोडकू

6. भारत में सबसे अधिक वर्षा किस मानसून से होती है?
   (a) दक्षिण-पूर्वी मानसून से (b) दक्षिण-पश्चिमी मानसून से
   (c) उत्तर-पूर्वी मानसून से (d) प्रतिचक्रवाती मानसून से

7. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित **नहीं** है?

| **(फसल)** | | **(रोग)** |
|---|---|---|
| (a) मक्का | - | तुलिसिता |
| (b) बाजरा | - | टिक्का |
| (c) आम | - | स्पंजी ऊतक |
| (d) केला | - | पनामा |

8. निम्नलिखित में से 'उदय' किस फसल की प्रजाति है?
   (a) चना (b) मटर
   (c) अरहर (d) सरसों

9. भारत की वर्ष 2021 की जनगणना कौन-सी जनगणना होगी?
   (a) 15वीं (b) 16वीं
   (c) 17वीं (d) 8वीं

10. जनगणना 2011 के अनुसार, न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य है-
    (a) नागालैंड (b) बिहार
    (c) राजस्थान (d) अरुणाचल प्रदेश

11. भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, 2001-11 की अवधि में उत्तर प्रदेश में औसत जनसंख्या वृद्धि का प्रतिशत है-
    (a) 20% (b) 21.50%
    (c) 20.22% (d) 17.70%

12. ऋषिगंगा विद्युत परियोजना निम्नलिखित में से किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में अवस्थित है?
    (a) हिमाचल प्रदेश (b) उत्तर प्रदेश
    (c) उत्तराखंड (d) जम्मू-कश्मीर

13. 26 जनवरी, 2021 की गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेने वाली पहली महिला फाइटर पायलट कौन हैं?
    (a) मोहना सिंह (b) भावना कंठ
    (c) भावना सिंह (d) अवनि कंठ

# मॉडल पेपर

## UPPCS प्रारंभिक परीक्षा-2021

### सामान्य अध्ययन-I (संभावित परीक्षा तिथि- 13/06/2021)

**समय : 2 घंटे** **कुल प्रश्न : 150**
**ऋणात्मक अंकन: 1/3** **अधिकतम अंक : 200**

1. नीचे दो कथन दिये गए हैं, जिनमें एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है-

**कथन (A):** पिंडारी मराठा सेना में अवैतनिक सैनिकों के रूप में अपनी सेवा देते थे।

**कारण (R):** इनकी नियुक्ति बाजीराव द्वितीय के समय शुरू हुई थी।

नीचे दिये गए कूट में से सही उत्तर चुनिये:

**कूट:**

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) (A) सही है परंतु (R) गलत है।

(d) (A) गलत है परंतु (R) सही है।

2. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. रैयतवाड़ी व्यवस्था में प्रत्येक पंजीकृत रैयत को भूमि का स्वामी माना गया।
2. रैयतवाड़ी व्यवस्था का जन्मदाता टॉमस मुनरो और कैप्टन रीड था।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

**कूट:**

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

3. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित **नहीं** है?

(a) फकीर विद्रोह – 1876 – 1877

(b) पाइक विद्रोह – 1817 – 1825

(c) अहोम विद्रोह – 1828 – 1833

(d) फराज़ी विद्रोह – 1838 – 1857

4. निम्नलिखित में से स्वदेशी व हिन्दी का समर्थन करने वाला प्रथम संगठन था-

(a) आर्य समाज (b) प्रार्थना समाज

(c) सत्यशोधक समाज (d) रामकृष्ण मिशन

5. "यदि वर्ष में हम एक बार मेंढक की तरह टर्राएँ तो हमें कुछ नहीं मिलेगा।" कॉन्ग्रेस से संबंधित यह विशेष टिप्पणी किसके द्वारा की गई थी?

(a) अश्विनी कुमार दत्त (b) लाला लाजपत राय

(c) मदनमोहन मालवीय (d) बाल गंगाधर तिलक

6. 'असहयोग आंदोलन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कलकत्ता अधिवेशन में इससे संबंधित प्रस्ताव पारित किया गया।
2. नागपुर में इससे संबंधित दो महत्त्वपूर्ण निर्णय लिये गए।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही **नहीं** है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

7. निम्नलिखित पर विचार कीजिये और उनको कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिये:

1. पेशावर षड्यंत्र केस
2. कानपुर षड्यंत्र केस
3. काकोरी कांड
4. मेरठ षड्यंत्र केस

नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये:

**कूट:**

(a) 1, 2, 3, 4 (b) 2, 3, 4, 1

(c) 3, 1, 2, 4 (d) 4, 3, 1, 2

8. निम्नलिखित में से कौन 'कैबिनेट मिशन' के सदस्यों में शामिल **नहीं** था?

(a) सर स्टैफोर्ड क्रिप्स (b) ए.वी. अलेक्जेंडर

(c) पेथिक लॉरेंस (d) लिनलिथगो

9. सुरक्षा प्रकोष्ठ अथवा घेरे की नीति से संबंधित थे-

(a) वॉरेन हेस्टिंग्स (b) कार्नवालिस

(c) (a) और (b) दोनों (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

10. गवर्नर जनरल को अध्यादेश जारी करने की शक्ति प्रदान की गई:


(a) रेग्युलेटिंग एक्ट, 1773 द्वारा

(b) इंडियन काउंसिल एक्ट, 1861 द्वारा

(c) भारतीय परिषद अधिनियम, 1892 द्वारा

(d) चार्टर एक्ट, 1813 द्वारा

# GK पॉइंटर



**वह कोना जहाँ से एकदिवसीय परीक्षाओं में अक्सर प्रश्न पूछे जाते हैं ...**

**विश्व के प्रमुख देश, उनकी राजधानी एवं मुद्राएँ**

| देश | राजधानी | मुद्राएँ |
|---|---|---|
| भारत | नई दिल्ली | भारतीय रुपया |
| पाकिस्तान | इस्लामाबाद | पाकिस्तानी रुपया |
| नेपाल | काठमांडू | नेपाली रुपया |
| श्रीलंका | श्री जयवर्धनेपुरा कोट्टे | श्रीलंकाई रुपया |
| बांग्लादेश | ढाका | टका |
| अफगानिस्तान | काबुल | अफगानी |
| चीन | बीजिंग | रेनमिन्बी (युआन) |
| मंगोलिया | उलानबटोर | तुगरिक |
| जापान | टोक्यो | येन |
| ताइवान | ताइपे | न्यू ताइवान डॉलर |
| थाईलैंड | बैंकॉक | थाई बहत |
| वियतनाम | हनोई | डाँग |
| कंबोडिया | नोम पेन्ह | रिएल |
| उत्तर कोरिया | प्योंगयांग | उत्तर कोरियन वॉन |
| दक्षिण कोरिया | सियोल | दक्षिण कोरियन वॉन |
| फिलीपींस | मनीला | पेसो |
| इंडोनेशिया | जकार्ता | इंडोनेशियाई रुपया |
| मलेशिया | क्वालालंपुर | रिन्गिट |
| ईरान | तेहरान | रियाल |
| इराक | बगदाद | इराकी दिनार |
| तुर्की | अंकारा | तुर्कीस लीरा |
| सऊदी अरब | रियाद | सऊदी रियाल |
| इज़राइल | जेरुसलम | शेकेल |
| कतर | दोहा | रियाल |
| मोरक्को | रबात | दिरहम |
| मिस्र | काहिरा | मिस्र पाउंड |
| सोमालिया | मोगादिशु | सोमाली शिलिंग |
| ज़िंबाब्वे | हरारे | यू.एस. डॉलर |
| माली | बमाको | प. अफ्रीकी सीएफए फ्रैंक |
| मोज़ांबिक | मापूतो | मेटिकल |
| बेल्जियम | ब्रुसेल्स | यूरो |
| डेनमार्क | कोपेनहेगन | डेनिश क्रोन |
| फ्राँस | पेरिस | यूरो |
| स्पेन | मेड्रिड | यूरो |
| पुर्तगाल | लिस्बन | यूरो |
| इटली | रोम | यूरो |
| बुल्गारिया | सोफिया | लेव |
| रूस | मॉस्को | रूबल |
| पोलैंड | वारसा | पोलिश ज्लोटी |
| हंगरी | बुडापेस्ट | फोरिंट |
| नॉर्वे | ओस्लो | नॉर्वे क्रोन |
| जर्मनी | बर्लिन | यूरो |
| स्वीडन | स्टॉकहोम | स्वीडिश क्रोन |
| स्विट्ज़रलैंड | बर्न | स्विस फ्रैंक |
| आयरलैंड | डबलिन | यूरो |
| कनाडा | ओटावा | कनाडाई डॉलर |
| मेक्सिको | मेक्सिको सिटी | मेक्सिकन पेसो |
| ब्राज़ील | ब्रासीलिया | ब्राज़ीलियन रिअल |
| ऑस्ट्रेलिया | कैनबरा | ऑस्ट्रेलियाई डॉलर |
| फिजी | सूवा | फिजियन डॉलर |
| न्यूज़ीलैंड | वेलिंग्टन | न्यूज़ीलैंड डॉलर |
| संयुक्त अरब अमीरात | आबू धाबी | यू.ए.ई. दिरहम |
| दक्षिण अफ्रीका | प्रिटोरिया | द. अफ्रीकी रैंड |
| युनाइटेड किंगडम | लंदन | पाउंड स्टर्लिंग |
| संयुक्त राज्य अमेरिका | वाशिंगटन डी.सी. | यू.एस. डॉलर |

**भारतीय महापुरुषों के समाधि-स्थल**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **सदैव अटल** | अटल बिहारी वाजपेयी | **राजघाट** | महात्मा गांधी |
| **कर्म भूमि** | शंकर दयाल शर्मा | **वीर भूमि** | राजीव गांधी |
| **शांति वन** | जवाहरलाल नेहरू | **महाप्रयाण घाट** | डॉ. राजेंद्र प्रसाद |
| **विजयघाट** | लाल बहादुर शास्त्री | **नारायण घाट** | गुलजारी लाल नंदा |
| **शक्ति स्थल** | इंदिरा गांधी | **समता स्थल** | जगजीवन राम |
| **अभय घाट** | मोरारजी देसाई | **चैत्य भूमि** | बी.आर. अंबेडकर |
| **किसान घाट** | चौधरी चरण सिंह | **उदय भूमि** | के.आर. नारायणन |

❑❑❑

# कौन/क्या/कहाँ



- भारत के राष्ट्रपति -*राम नाथ कोविंद*
- भारत के उपराष्ट्रपति -*एम. वेंकैया नायडू*
- भारत के प्रधानमंत्री -*नरेंद्र मोदी*
- भारत के मुख्य न्यायाधीश (47वें)- -*शरद अरविंद बोबड़े*

**भारत के उच्च न्यायालय एवं मुख्य न्यायाधीश**

| उच्च न्यायालय | मुख्य न्यायाधीश |
|---|---|
| जम्मू एवं कश्मीर | पंकज मित्थल |
| हिमाचल प्रदेश | लिंगप्पा नारायण स्वामी |
| उत्तराखंड | राघवेंद्र सिंह चौहान |
| गुवाहाटी | सुधांशु धूलिया |
| इलाहाबाद | गोविंद माथुर |
| पटना | संजय करोल |
| झारखंड | डॉ. रवि रंजन |
| मेघालय | विश्वनाथ सोमाद्दर |
| मणिपुर | पी.वी. संजय कुमार |
| त्रिपुरा | अकिल ए. कुरैशी |
| कलकत्ता | टी.बी.एन. राधाकृष्णन |
| बॉम्बे | दीपांकर दत्ता |
| मद्रास | संजीव बनर्जी |
| कर्नाटक | अभय श्रीनिवास ओका |
| उड़ीसा | एस. मुरलीधर |
| राजस्थान | इंद्रजीत महंती |
| मध्य प्रदेश | मोहम्मद रफीक |
| केरल | एस. मणि कुमार |
| गुजरात | विक्रम नाथ |
| दिल्ली | धीरूभाई नारनभाई पटेल |
| पंजाब एवं हरियाणा | रवि शंकर झा |
| सिक्किम | जीतेंद्र कुमार माहेश्वरी |
| छत्तीसगढ़ | पी.आर. रामचंद्र मेनन |
| तेलंगाना | कुमारी हिमा कोहली |
| आंध्र प्रदेश | अरूप कुमार गोस्वामी |

**राज्यों के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री**

| राज्य के नाम | राज्यपाल | मुख्यमंत्री |
|---|---|---|
| असम | जगदीश मुखी | सर्बानंद सोनोवाल |
| अरुणाचल प्रदेश | बी.डी. मिश्रा | पेमा खांडू |
| उत्तर प्रदेश | आनंदीबेन पटेल | योगी आदित्यनाथ |
| उत्तराखंड | बेबी रानी मौर्य | तीरथ सिंह रावत |
| पंजाब | वी.पी. सिंह बदनोर | कैप्टन अमरिंदर सिंह |
| पश्चिम बंगाल | जगदीप धनखड़ | ममता बनर्जी |
| बिहार | फागू चौहान | नीतीश कुमार |
| मध्य प्रदेश | आनंदीबेन पटेल | शिवराज सिंह चौहान |
| महाराष्ट्र | भगत सिंह कोश्यारी | उद्धव ठाकरे |
| मणिपुर | नजमा हेपतुल्ला | एन. बीरेन सिंह |
| मेघालय | सत्यपाल मलिक | कोनराड के. संगमा |
| मिज़ोरम | पी.एस. श्रीधरन पिल्लई | पू जोरामथांगा |
| नागालैंड | आर.एन. रवि | नेफ्यू रियो |
| राजस्थान | कलराज मिश्र | अशोक गहलोत |
| सिक्किम | गंगा प्रसाद | प्रेम सिंह तमांग (गोलाय) |
| हिमाचल प्रदेश | बंडारू दत्तात्रेय | जयराम ठाकुर |
| हरियाणा | सत्यदेव नारायण आर्य | मनोहर लाल खट्टर |
| त्रिपुरा | रमेश बैस | बिप्लब कुमार देब |
| ओडिशा | गणेशी लाल | नवीन पटनायक |
| कर्नाटक | वजुभाई वाला | बी.एस. येदियुरप्पा |
| केरल | आरिफ मोहम्मद खान | पिनाराई विजयन |
| गोवा | भगत सिंह कोश्यारी | प्रमोद सावंत |
| गुजरात | आचार्य देवव्रत | विजयभाई आर. रूपाणी |
| छत्तीसगढ़ | अनुसूइया उइके | भूपेश बघेल |
| झारखंड | द्रौपदी मुर्मू | हेमंत सोरेन |
| तमिलनाडु | बनवारी लाल पुरोहित | टी.ई.के. पलानीस्वामी |
| आंध्र प्रदेश | विश्व भूषण हरिचंदन | वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी |
| तेलंगाना | तमिलिसाई सौंदरराजन | के. चंद्रशेखर राव |

# दृष्टि लर्निंग ऐप पर उपलब्ध प्रमुख कोर्सेज़

IAS Foundation Course

## सामान्य अध्ययन

प्रिलिम्स + मेन्स

- 1200+ घंटों की 500+ कक्षाएँ
- सभी टॉपिक के लिये प्रिंटेड नोट्स
- 3 वर्षों के लिये अन्य विशेष सुविधाएँ

IAS Foundation Course

## General Studies

Prelims + Mains

- 400+ Classes of 1000+ hrs.
- Printed Notes of All Segments
- Other special facilities for 3 years

IAS Prelims Course

## सामान्य अध्ययन

केवल प्रिलिम्स

- 500+ घंटों की कक्षाएँ
- 'क्विक बुक सीरीज़' की 9 पुस्तकें
- 2 वर्षों के लिये अन्य विशेष सुविधाएँ

IAS + UPPCS + BPSC Optional Subject

## हिंदी साहित्य

द्वारा- डॉ. विकास दिव्यकीर्ति

- 400+ घंटों की कक्षाएँ
- पाठ्यक्रम में शामिल सभी पाठ्य-पुस्तकें तथा प्रिंटेड नोट्स
- 145 दैनिक अभ्यास प्रश्न और 18 टेस्ट पेपर (मॉडल उत्तर सहित)

BPSC Prelims Course

## बिहार PCS

- 500+ घंटों की कक्षाएँ
- 'BPSC सीरीज़' की 8 पुस्तकें
- 2 वर्षों के लिये अन्य विशेष सुविधाएँ

RAS/RTS Prelims Course

## राजस्थान PCS

- 500+ घंटों की कक्षाएँ
- 'RAS सीरीज़' की 8 पुस्तकें
- 2 वर्षों के लिये अन्य विशेष सुविधाएँ

## एथिक्स (पेपर-4)

द्वारा- डॉ. विकास दिव्यकीर्ति

- कुल 70 कक्षाएँ
- IAS के साथ-साथ UPPCS के लिये पूर्णतः सटीक
- मूल्यांकन की सुविधा के साथ 6 टेस्ट

## निबंध

द्वारा- डॉ. विकास दिव्यकीर्ति

- कुल 13 कक्षाएँ
- IAS के साथ-साथ PCS के लिये पूर्णतः सटीक
- मूल्यांकन की सुविधा के साथ 20 टेस्ट

अतिरिक्त जानकारी के लिये 9311406442 नंबर पर कॉल या वाट्सएप करें

विज़िट करें www.drishtiIAS.com

अपने फोन पर इंस्टॉल करें **Drishti Learning App**

# प्रयागराज केंद्र
(ऑफलाइन बैच)

# सामान्य अध्ययन

**IAS + UPPCS**

## ओरिएन्टेशन क्लास के साथ बैच प्रारंभ

प्रारंभ **6 मई**
प्रातः 11:15 बजे

| संपर्क करें | अधिक जानकारी के लिये कॉल या मैसेज करें |
| --- | --- |
| 13/15, ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज | 8448485518, 011-47532596, 8750187501 |

## UPPCS
ऑनलाइन प्रिलिम्स टेस्ट सीरीज़-2021
प्रारंभ

हिंदी और अंग्रेज़ी माध्यम में | फीस - ₹4000/-

कुल 16 टेस्ट्स

- 6 जी.एस. (सेक्शनल टेस्ट)
- 5 जी.एस. (संपूर्ण पाठ्यक्रम टेस्ट)
- 2 सीसैट (संपूर्ण पाठ्यक्रम टेस्ट)
- 3 करेंट अफेयर्स रिवीज़न टेस्ट

पहला टेस्ट सभी विद्यार्थियों के लिये निःशुल्क
8750187501

Install Now
Drishti Learning App

641, 1st Floor, Dr. Mukherji Nagar, Delhi-9
Ph.: 011-47532596, 87501 87501
Website: www.drishtiias.com
E-mail: booksteam@groupdrishti.com